
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-46 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

16 फरवरी 2025 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित




विमेंस प्रीमियर लीग...
@ पेज 7

# 20 हजार से अधिक बिछड़े लोगों को मिलाने का किया काम



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेले में स्थापित डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 20,000 से अधिक बिछड़े लोगों को उनके प्रियजनों से मिलाने में मदद की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने

### ● महाकुंभ 2025 में खोया-पाया केंद्र का कमाल

शनिवार को यह जानकारी दी। मेला प्राधिकरण के मुताबिक, डिजिटल खोया पाया केंद्रों की मदद से महाकुंभ मेला शुरू होने के बाद से अब तक 20,144 बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रहीं। इसके अलावा, पुलिस ने देश



के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 8,725 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) पर बिछड़े 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) पर बिछड़े 813 श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में बिछड़े 10,000 से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों से मिलवाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात दिसंबर 2024 को डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की शुरुआत की थी। मेला क्षेत्र में 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं जो संगम, झूसी, अरैल, फाफामऊ में सेक्टर- तीन, चार, पांच, आठ, नौ, 21, 23, 24 और प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास स्थित हैं। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में अत्याधुनिक कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे मेला क्षेत्र में बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को तेजी से उनके परिवारों से मिलाया जा सका है। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों की अहम भूमिका रही। यूनिसेफ सहित कई गैर-सरकारी संगठनों ने भी इसमें सक्रिय योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मेले का उद्घाटन करने पहुंचे थे नेपाल के डिप्टी पीएम, गुब्बारों में अचानक लगी आग से झुलसे

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल शनिवार को एक पर्यटन मेले के उद्घाटन के दौरान झुलस गए।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना में पैडेल के सिर और हाथ झुलस गए जिसके बाद उन्हें काठमांडू लाया गया। बता दें कि पौडेल और पोखरा के महापौर धनराज आचार्य 'पोखरा भ्रमण वर्ष' का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मेले का उद्घाटन करने के दौरान हो रही आतिशबाजी की वजह से हाइड्रोजन से भरे गुब्बारों में आग लग गई, और वह झुलस गए। सबकुछ इतनी तेजी से हुआ कि पहले तो किसी को कुछ समझ ही नहीं आया। बता दें कि इस पर्यटन मेले का लक्ष्य 2025 में 20 लाख पर्यटकों को आकर्षित करना है। महापौर के निजी सचिव पुन लामा ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पौडेल के सिर और हाथ झुलस गये हैं, जबकि आचार्य के चेहरे पर जलने के निशान हैं। लामा ने कहा कि पोखरा के एक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आगे के इलाज के लिए 'सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर' से काठमांडू के 'कीर्तिपुर बर्न अस्पताल' लाया गया। लामा ने कहा कि डिप्टी पीएम और पोखरा के मेयर, दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

### प्रशांत महासागर में घटी दुनिया की सबसे अप्रत्याशित घटना, पता चला सुराग तो वैज्ञानिक हुए हैरान



**सिडनी (एजेंसी)।** प्रशांत महासागर में दुनिया की सबसे अप्रत्याशित घटना घटने का सुराग वैज्ञानिकों को पता चल गया है। इसे जानकर हर कोई हैरान है। इस घटना पर रिसर्च कर रहे वैज्ञानिकों ने बताया कि पृथ्वी पर एक करोड़ वर्ष पहले कुछ न कुछ असाधारण हुआ होगा। प्रशांत महासागर के तल पर से लिए गए चट्टान के नमूनों पर किए गए शोध में उस दौरान रेडियोधर्मी रासायनिक तत्व 'बेरिलियम-10' में एक अजीब वृद्धि होने का पता चला है। 'नेचर कम्युनिकेशंस' में प्रकाशित इस शोध से भूवैज्ञानिकों के लिए महासागरों की गहराई से प्राप्त नमूनों से पिछली घटनाओं की तारीख जानने के नए रास्ते खुल गए हैं। लेकिन बेरिलियम-10 में विषमता का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। क्या ऐसा वैश्विक महासागरीय धाराओं में बड़े बदलाव, एक तारे के अंत, या दो और उससे अधिक तारों की टक्कर के कारण हो सकता है? एक वैज्ञानिक ने कहाकि समुद्र की गहराई में अत्यंत धीमी गति से चलने वाली चट्टानें मैं पृथ्वी पर स्टारडस्ट (ब्रह्मांडीय धूलकण) की तलाश में हूं। इससे पहले, मैंने अंटार्कटिका में बर्फ छानी है। इस बार, समुद्र की गहराई में खोज की है। लगभग 5,000 मीटर की गहराई पर, प्रशांत महासागर के रसातल क्षेत्र में कभी प्रकाश नहीं देखा गया, फिर भी वहां कुछ न कुछ पनपता रहता है। धात्विक जल के नीचे मौजूद चट्टानें 'फेरोमैंगनीज क्रस्ट' पानी में घुले खनिजों के साथ मिलकर धीरे-धीरे और बहुत लंबे समय तक जमने से विकसित होती हैं। ये दस लाख वर्षों में केवल कुछ मिलीमीटर बढ़ती हैं।

## गोवा के पूर्व विधायक को ऑटो ड्राइवर ने मारा थप्पड़, कुछ देर बाद हो गई मौत, मचा हड़कंप

**बेलगावी (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां गोवा के एक पूर्व विधायक को एक ऑटो ड्राइवर ने थप्पड़ मार दिया, इस घटना के कुछ देर बाद पूर्व विधायक की मौत हो गई। इस घटना के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। गोवा के पूर्व विधायक लावू मामलेदार की शनिवार को बेलगावी शहर में एक ऑटो ड्राइवर के साथ झगड़े के बाद मौत हो गई। झगड़े के बाद जब पूर्व विधायक अपने होटल में दाखिल हो रहे थे, तब अचानक वे बेसुध होकर गिर गए और उनकी मौत हो गई। पूर्व विधायक की उम्र 69 साल थी।



इस मामले में आरोपी ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना दोपहर करीब पौने 1 बजे के बीच खड़ेबाजार के श्रीनिवास लॉज के पास हुई। लावू मामलेदार की कार से एक ऑटो टच हो गया, जिसके बाद उनकी ऑटो ड्राइवर से बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि ऑटो चालक ने मामलेदार पर हमला कर दिया और उन्हें थप्पड़ मार दिया। इस झगड़े के बाद जैसे ही वे लॉज में दाखिल हुए, उनकी मौत हो गई। खड़े बाजार पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया और छ्ष्ष्करोहन जगदीश ने अपराध स्थल का दौरा किया। मिली जानकारी के मुताबिक, 68 साल के मामलेदार बेलागवी की बिजनेस ट्रिप पर गए थे। वह साल 2012 में राजनीति में आए थे। इससे पहले मामलेदार गोवा पुलिस में छ्स्क्रैंक के अधिकारी थे। पुलिस का कहना है कि मामलेदार एक होटल में सीढ़ियों के पास अचानक गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन भर्ती होने से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने छ्ष्ष्क्र फुटेज भी जब्त कर लिया है, जिसकी जांच की जा रही है। इस घटना से पूर्व विधायक के घर में शोक छा गया है।

### क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# दिल्ली सहित एनसीआर और हरियाणा में 11 जगहों पर छापे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीआई ने क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में कुल 11 जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। इस दौरान सीबीआई ने कैश, अमेरिकी डॉलर और सोना समेत अन्य सामग्री बरामद किया। जानकारी के मुताबिक स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ठगने के आरोप में कथित साइबर अपराधियों के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान 1.08 करोड़ रुपये की नकद राशि जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि दो साल पुराने मामले में दिल्ली में नौ और हरियाणा के हिसार में दो स्थानों पर छापे मारे गए। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों पर स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर अवैध गतिविधियां और क्रिप्टो धोखाधड़ी करने का आरोप है।
प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''लोगों को फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श देकर




और क्रिप्टोकरंसी के रूप में मनी ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित करके धोखाधड़ी की गई। इस धन को फिर कई क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से भेजकर नकदी में परिवर्तित किया गया।'' एजेंसी ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।
सीबीआई ने छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए और छह लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन एवं एक आईपैड जब्त किया। जांच में वीओआईपी-आधारित कॉल करने और 'डार्कनेट' तक पहुंचने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम का इस्तेमाल किए जाने का भी पता चला।' इसके अतिरिक्त, सीबीआई ने 1.08 करोड़ रुपये नकद, 1,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य की विदेशी मुद्रा और 252 ग्राम सोना जब्त किया।

## बाइक के साथ जिंदा जल गया शख्स



**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के खापरखेड़ा इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक शख्स अपनी बाइक के साथ जिंदा ही जल गया। जब लोगों ने देखा कि एक शख्स अपनी बाइक के साथ जिंदा जल रहा है तो उन्होंने घटना की तस्वीरें उतार ली और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो शख्स की मौत हो चुकी थी और उसकी बाइक भी पूरी तरह जल चुकी थी। मृतक की पहचान 35 साल के ललित सुखराम वस्त्राने के रूप में हुई है, जो खापरखेड़ा का ही रहने वाला था। ललित खापरखेड़ा बिजली घर में डोजर ऑपरेटर के रूप में काम करता था। पुलिस अब इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और जल्दी ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है। वह इस मामले की जांच हत्या और आत्महत्या, दोनों ही एंगल को ध्यान में रखकर कर रही है। पुलिस ने इस मामले की गहनता से जांच करने के लिए एक टीम का गठन किया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। माना जा रहा है कि पोस्टमॉर्टम के बाद कुछ राजों से पर्दा उठ सकता है।

## हैदराबाद में दिल दहलाने वाली घटना, गड्ढे में गिरने से बच्चे की हुई मौत

### निर्माणाधीन स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से 5 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हैदराबाद के संतोषनगर में एक दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां शनिवार को एक निर्माणाधीन स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से 5 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। बच्चे की पहचान एस जयशिवम के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक, वह अपने माता-पिता के साथ निर्माण क्षेत्र के पास ही एक छोटी सी झोपड़ी में रहता था, जहां उसके पिता चौकीदार का काम करते थे। मूल रूप से रंगा रेड्डी जिले के अमंगल का रहने वाला यह परिवार रोजगार के अवसर तलाशने के लिए हैदराबाद आया था। इस दौरान गड्ढे में गिरने से बच्चे की मौत हो गई है। दरअसल निर्माणाधीन स्थल पर खंभे लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए थे। जिसमें पानी भर गया था। शनिवार को इसी गड्ढे में बच्चा गलती से गिर गया। स्थानीय लोगों ने बच्चे को पानी में देखा और बाहर निकाला। आनन-फानन में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना के बाद केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान के कोटा में बड़ी घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां एक फैक्ट्री में गैस लीकेज हुआ, जिस कारण पास में ही स्कूल में पढ़ने



वाले करीब 15 बच्चे बेहोश हो गए। दरअसल निर्माणाधीन स्थल पर खंभे लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए थे। जिसमें पानी भर गया था। शनिवार को इसी गड्ढे में बच्चा गलती से गिर गया। स्थानीय लोगों ने बच्चे को पानी में देखा और बाहर निकाला। आनन-फानन में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना के बाद केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान के कोटा में बड़ी घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां एक फैक्ट्री में गैस लीकेज हुआ, जिस कारण पास में ही स्कूल में पढ़ने वाले करीब 15 बच्चे बेहोश हो गए।

## परिजनों ने फेसबुक पर देखा तो उड़ गए होश

### 9 महीने पहले मैनपुरी से किडनैप हुई थी लड़की

**मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले से 9 महीने पहले कथित रूप से अगवा कर ली गई लड़की को जब उसके परिजनों ने फेसबुक पर देखा तो उनके होश उड़ गए। दरअसल, मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना क्षेत्र की 17 साल की एक लड़की अजमेर में विवाहिता के रूप में मिली है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस लड़की को उसके गांव के समीप के एक गांव के एक शख्स ने अगवा कर लिया था और उसे अजमेर में विष्णु माली नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद लड़की की शादी विष्णु माली से हो गई।

विष्णु माली ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल दीं, जिसके बाद पता चल गया कि लड़की अजमेर में है। कुर्रा थाने के प्रभारी अरविंद सिंह ने शनिवार को बताया, 'एक गांव की 17 साल की यह लड़की मई 2024 में कोचिंग संस्थान जाते समय लापता हो गई थी। पास के गांव का नीरज उसको किडनैप कर उसे राजस्थान ले गया था, जहां उसने उसे विष्णु माली नाम के शख्स को सौंप




दिया।' उन्होंने बताया कि लड़की के पिता ने कुर्रा थाने में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि जांच के दौरान सोशल मीडिया के जरिए पता चला कि लड़की अजमेर में है, क्योंकि विष्णु माली ने फेसबुक पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने यह भी कहा कि लड़की को अजमेर से बरामद किया गया, जहां वह सुनहर मोहला राजगढ़ (राजस्थान) के विष्णु माली के साथ उसकी पत्नी के रूप में रह रही थी। उन्होंने बताया कि विष्णु माली को गिरफ्तार कर मैनपुरी लाया गया और विधिक कार्रवाई के तहत बुधवार को जेल भेज दिया गया। सिंह ने कहा कि विष्णु ने पुलिस को बताया कि नीरज लड़की को शादी के लिए उसके पास लाया था और शादी के बाद वे पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। उन्होंने कहा कि लड़की ने मेडिकल जांच से इनकार कर दिया और गुरुवार को उसका कोर्ट में बयान दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनिल कुमार ने बताया कि जांच के दौरान सच्चाई पता चल पाएगी।

## जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर युवकों ने मचाया हुड़दंग

### एएफसी गेट कूदकर किया पार, डीएमआरसी ने दी सफाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली मेट्रो के जामा मस्जिद रेलवे स्टेशन पर युवकों द्वारा हुड़दंग मचाने और एएफसी गेट कूदकर पार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक के बाद एक कई युवक एएफसी (ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन) गेट कूदकर पार कर रहे हैं। वहीं, कुछ युवक इस मौके पर वीडियो भी बना रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जब सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाए तो डीएमआरसी ने सफाई जारी की। डीएमआरसी ने कहा कि यह स्थिति सिर्फ थोड़ी देर के लिए बनी थी और हालात कभी भी कंट्रोल से बाहर नहीं हुए थे।
वीडियो के वायरल होने के बाद डीएमआरसी के कॉरपोरेट कम्यूनिकेशंस के प्रिंसिपल एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने एक बयान जारी कर कहा, 'सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के संदर्भ में, जिसमें कुछ यात्री



एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकल रहे हैं, डीएमआरसी यह सूचित करना चाहता है कि यह घटना 13 फरवरी 2025 की शाम को वायलेट लाइन पर जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की है। कुछ यात्रियों द्वारा एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकलने के दौरान कुछ समय के लिए यात्रियों की अस्थाई भीड़ उमड़ पड़ी थी।'
अनुज दयाल ने अपने बयान में कहा, 'ऐसे यात्रियों को सलाह देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त रूप से मौजूद थे और स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई। बल्कि, यह एएफसी गेट पर अचानक भीड़ उमड़ने के कारण कुछ यात्रियों की क्षणिक प्रतिक्रिया थी।' बता दें कि वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने सुरक्षा पर भी सवाल उठाए थे। वीडियो में युवक बड़ी संख्या में एएफसी गेट को एक के बाद एक पार करते नजर आ रहे थे। हालांकि मेट्रो ने इस मामले पर सफाई देकर लोगों के सवालों के जवाब देने की कोशिश की है।

## संभल का एक और पाकिस्तान कनेक्शन आया सामने

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में रहने वाले एक शख्स का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। दरअसल संभल का रहने वाले मोहम्मद उस्मान को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल मोहम्मद उस्मान पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है। विदेश मंत्रालय ने संभल पुलिस से मोहम्मद उस्मान की जानकारी मांगी थी। इसके बाद संभल पुलिस ने विदेश मंत्रालय को उस्मान की जानकारी भेजी। बता दें कि मोहम्मद उस्मान एक्यूआईएस चीफ असीम उमर का करीबी था। असीम उमर को



अमेरिका ने ड्रोन हमले में मार दिया था। बता दें कि मोहम्मद उस्मान संभल के दीपा सराय का रहने वाला है। वहीं असीम उमर भी संभव का रहने वाला था। बता दें कि मोहम्मद उस्मान ने संभल में 2 करीबियों के नाम की जगह पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान का नाम लिखा है। दूसरी तरफ यूपी के संभल जिले में हुई हिंसा के मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं अब पुलिस ने अपराधियों को खोजने के लिए शहर भर में पोस्टर लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में संदिग्ध रूप से शामिल 74 लोगों के पोस्टर पूरे शहर में लगवाए हैं।

## भोपाल के शेखपुरा में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जेवियर वेलफेयर सोसाइटी नारियल खेड़ा भोपाल और संभागीय अधिकारी डॉ. एसपी वर्मा के नेतृत्व में ग्राम शेखपुरा, भोपाल में आज नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के समापन के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर में प्रमुख चिकित्सकों की टीम में डॉ. शशांक झा, डॉ. विनीत वर्मा, डॉ. नितिन वराठी, डॉ. दिनेश गौड़ और डॉ. रश्मि त्रिपाठी शामिल थे। इस दौरान कुल 239 मरीजों को परामर्श दिया गया और मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। विशेष जांच अभियान में 78 लोगों की शुगर और 92 लोगों की बीपी की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें दुर्गा सिंह, नारायण दास वर्मा, संदीप जैन, विनीता पांडे, ऐश्वर्या जेम्स, मोहित गुप्ता, मनीष पावसे और स्टाफ नर्स शामिल थे। उपसरपंच बबीता महल लवाना और ग्रामवासियों का भी विशेष सहयोग रहा। जेवियर वेलफेयर सोसाइटी के प्रवक्ता बसंत मीना ने बताया कि संस्था भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करेगी, जिससे आम लोगों को आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ मिल सके।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती स्वराज की जयंती पर किया उनका स्मरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की 67वीं जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. सुषमा स्वराज ने अपने ओजस्वी भाषणों एवं नेतृत्व कुशलता के बल पर भारतीय राजनीति में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की थी। वे आजीवन मां भारती के गौरव, राष्ट्र की प्रगति एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में देश भर के युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाली राष्ट्रवादी विचारधारा को पुष्ट किया। श्रीमती सुषमा स्वराज ने 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहली सरकार में भारत के विदेश मंत्री की जिम्मेदारी संभाली थी।

## मध्य प्रदेश कर्मचारियों की गेट मीटिंग का तीसरा दिन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा की गेट मीटिंग का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सतपुड़ा भवन में आयोजित तीसरे दिन की गेट मीटिंग में जनजाति कार्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, कोषालय और संभागीय पेंशनर्स कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में घटक संघ के प्रांत अध्यक्षों ने 16 फरवरी को स्वर्ण जयंती आंबेडकर पार्क में सुबह 11:30 बजे प्रदेशव्यापी धरने का आह्वान किया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में साल 2016 से स्थगित पदोन्नति बहाली, सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता, 45,000 अस्थायी कर्मियों की नियमितीकरण शामिल हैं। इसके अलावा भृत्य का पदनाम बदलकर कार्यालय सहायक करने, लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने और आकस्मिक कार्यभारित सेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अर्जित अवकाश देने की मांग प्रमुख है। वक्ताओं ने इन सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।

## मलैया शिष्टाचार और सम्मान अनुरक्षण समिति के सभापति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पूर्व वित्त मंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया अब विधानसभा की शिष्टाचार और सम्मान अनुरक्षण संबंधी समिति के सभापति होंगे। विधानसभा सचिवालय ने मलैया को सभापति बनाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि इस विधानसभा की शिष्टाचार और सम्मान अनुरक्षण समिति के सभापति का पद पांच माह से खाली था। नई विधानसभा के गठन के बाद शुरुआत में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व इटारसी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को इस समिति का सभापति बनाया गया था, लेकिन 12 सितंबर को उन्होंने समिति से इस्तीफा दे दिया था। इस समिति में विधायक रमेश मेंदोला, अनिल जैन, शरद जुगलाल कोल, राजकुमार कर्राहे, प्रताप ग्रेवाल और भंवर सिंह शेखावत सदस्य हैं। गुरुवार को विधानसभा में लोकलेखा, कृषि विकास, पुस्तकालय व अनुसंधान समिति की अलग-अलग बैठक थीं।

## हर साल प्रदेश में 2000 नए टीबी के मरीज मिलते थे, दो माह में 13,500 मिले

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश में 2025 तक टीबी को खत्म करने की कोशिशों को बड़ा संबल मिला है। अब तक हर साल करीब 2,000 नए मरीज मिलते थे, लेकिन इस बार सघन जांच और स्क्रीनिंग के चलते महज दो महीनों में 13,500 नए मरीज सामने आ चुके हैं। इससे मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है। प्रदेश में अब तक 65 लाख लोगों की स्क्रीनिंग और 3 लाख के एक्स-रे किए जा चुके हैं, जिससे वे मरीज भी पकड़ में आ रहे हैं, जो अब तक जांच से दूर थे।

### पीएम कुसुम योजना

# 1000 आवेदन पेंडिंग, नहीं हो पाए पावर पर्चेस एग्रीमेंट, 4 हजार करोड़ का निवेश अटका

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मप्र में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 1790 मेगावॉट का टारगेट दिया था। लेकिन इसमें से महज 50 मेगावाट पर ही काम हो पाया। इस योजना के तहत लगभग 1 हजार आवेदन आ चुके हैं। एक मेगावाट पर लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च आता है और इस हिसाब से लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश रुका हुआ है। जबकि इन किसानों के आवेदन पर ऊर्जा विकास निगम की तरफ से सेंक्शन लेटर जारी कर दिए गए हैं। लेकिन इनमें से एक भी आवेदन पर पावर परचेज एग्रीमेंट नहीं हो पाया। दरअसल इस योजना के संचालन की जिम्मेदारी ऊर्जा विकास निगम के पास है, लेकिन बिजली खरीदने का काम ऊर्जा विकास निगम का है। इसके लिए किसानों से पहले आओञ्पहले पाओ प्रक्रिया के तहत एग्रीमेंट किया जाता है। इसी के तहत जुलाई में 58 आवेदन, सितंबर में 158 और नवंबर माह में 358 आवेदन आ चुके हैं। इन सभी पर एक हजार मेगावॉट के सेंक्शन लेटर जारी हुए हैं, लेकिन



एग्रीमेंट एक का भी नहीं हुआ।

जानकारी मिली है कि बीते साल मई 2024 में नए टैरिफ आदेश जारी होने के बाद से एग्रीमेंट नहीं हुआ है। ऊर्जा विकास निगम से जब इसकी जानकारी ली तो पता चला कि ऊर्जा विभाग से बात की जा रही है। इसी बातचीत में मामला अटका है।

पीएम कुसुम योजना केंद्र सरकार ने शुरू की है। जिसमें 80 फीसदी बैंक लोन देता है और 20 फीसदी राशि बतौर मार्जिन मनी किसान की तरफ से लगाई जाती है। इस योजना में शासन का कोई पैसा खर्च नहीं होता है और न कोई सब्सिडी देनी पड़ती है। बल्कि सरकार को फीडर स्तर पर सस्ती बिजली मिलती है। नियमानुसार सेंक्शन लेटर मिलने के 30 ?दिन के भीतर किसानों को एग्रीमेंट के लिए सभी दस्तावेज जमा करने होते हैं। वहीं अगले 30 दिन में एग्रीमेंट होना चाहिए। लेकिन लगभग 10 महीने से मामला अटका हुआ है।

योजना के लिए प्रदेश में बनाए गए हैं 1343 सब स्टेशन

मप्र में कुसुम योजना से जुड़ने वालों की लंबी कतार है। इसके लिए मप्र में 1343 सब स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें जो आवेदक इन सब स्टेशन से जुड़ना चाहते हैं, उनके पास 0.5 मेगावाट से 2 मेगावाट क्षमता तक सौर ऊर्जा संयत्र होना चाहिए। ?इसमें किसानों के साथ किसानों के समूह भी मिलकर आवेदन कर रहे हैं।इसके अलावा जल उपभोक्ता संघ, ग्राम पंचायत, कृषि से जुड़ा कोई संस्थान या जो निवेशक हो, वो कर सकता है। योजना से जुड़ने का मुख्य कारण है ?कि इसमें 25 साल तक के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेंट किया जाता है।

## पर्यटन नगरी खजुराहो और राजनगर में हर घर पहुंचा नल से जल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा छतरपुर जिले में पर्यटन नगरी खजुराहो और राजनगर में जलप्रदाय परियोजना का कार्य किया गया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से क्रियान्वित खजुराहो जलप्रदाय योजना की लागत 69 करोड़ 86 लाख रूपये है। परियोजना लागत में 10 वर्षों का संचालन और संधारण भी शामिल है।

खजुराहो जलप्रदाय योजना में खजुराहो के लगभग 4200 एवं राजनगर के 2100 घरों के नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। इस परियोजना से 30 हजार से अधिक आबादी को साफ पानी मिल रहा है। परियोजना के लिये कुटनी डेम पर इंटैक वैल स्थापित किया गया है। पानी को शुद्ध करने केलिये 10 एमएलडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट लगाया गया है। परियोजना में जल संग्रहण के लिये खजुराहो में 5 ओवरहेड टेंक और राजगर



में 2 ओवरहेड टेंक बनाये गये हैं। राजनगर में एक ग्राउंड लेवल स्टोरेज रिजर्वायर भी बनाया गया है। परियोजना के पूरा होने से इन दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को नल से साफ पानी मिल रहा है। परियोजना से पहले नागरिकों को पानी प्राप्त करने में जो परेशानियां हुआ करती थीं, उनसे अब छुटकारा मिल गया है।

## दिव्यांगजन की सलाह से बनाया जाएगा सुगम वातावरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनोमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। इस निर्णय में उनकी सलाह महत्वपूर्ण होगी। इसके लिये प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं आयुक्त निश्शक्तजन श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में सुगम्य यात्रा निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे। इन स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह, सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा, जो भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी।

## ऊर्जा के सही संरक्षण पर ही दुनिया का विकास निर्भर-राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऊर्जा के सही इस्तेमाल और संरक्षण पर ही दुनिया का विकास टिका हुआ है। इसलिए हम सब का परम कर्तव्य है कि ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों का सही प्रयोग करें और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को एन. आई. टी.टी.टी.आर. के सभागार में आयोजित ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहीं थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि ऊर्जा पर्यावरण जागरूकता अभियान अच्छी पहल है।

ऊर्जा पर्यावरण जागरूकता अभियान स्कूल एवं कॉलेज में भी आयोजित किए जाए । हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की सहायता से पर्यावरण को स्थाई बनाया जा सकता है। इंडियन ऑयल और अन्य तेल



कंपनियों ने हरित और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में काफी पहल की है। इनमें बीएस आईवी से बीएस आईवी ईधन में स्थानांतरण पेट्रोल पम्पो में ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ग्रीन कॉम्बो लुविकेंटस, कंप्रेस बायोगैस, नूतन सोलर स्टोव आदि शामिल हैं। यहां तक वक भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता को कम करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है।

इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड श्री टी एन सुंदर राजन श्री बीपी मोहंती, श्री ए. एस. रेड्डी श्री चिनमय मंडल, श्री दीपक त्रिवेदी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## कृषि विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों की बढ़ रही है आय-कृषि मंत्री श्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों को अपनी फसलों की उपज में वृद्धि करने में मदद मिली है। इसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। प्रशिक्षणों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। फसलों की उपज में औसतन 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि और गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया है।

किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अपनी फसलों की देखभाल करने के नए तरीके सीखने का अवसर मिल रहा है। अब वे अपनी फसलों को अधिक कुशलता से उगा सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहेंगे। इन प्रशिक्षणों से किसानों को अपनी फसलों की उपज में वृद्धि करने और अपनी आय में सुधार करने में मदद मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। फसल उत्पादन प्रशिक्षण अंतर्गत किसानों को विभिन्न फसलों की उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाती है। मिट्टी परीक्षण और उर्वरक प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने और उर्वरकों का सही तरीके से उपयोग करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाती है। सिंचाई प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को सिंचाई के विभिन्न तरीकों और सिंचाई के लिए आवश्यक उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाती है। कीट और रोग प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को फसलों के कीटों और रोगों के प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाती है।

## भोपाल में उर्दू शायर अशोक मिज़ाज बद्र का काव्य पाठ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के दुष्यंत संग्रहालय में खुशबू एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित आज का मिज़ाज - अशोक मिज़ाज बद्र कार्यक्रम में शायर की नई पुस्तक पर चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मेहताब आलम ने कहा कि अशोक मिज़ाज बद्र आसान भाषा में शायरी करते हैं, इसलिए वे लोकप्रिय शायर हैं। किताबगंज प्रकाशन, राजस्थान से प्रकाशित उनकी नई पुस्तक आज का मिज़ाज में 108 ग़ज़लें, 65 क़त्आत और 240 अशआर संकलित किए गए हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू साहित्यकार डॉ. नौमान ख़ान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. नुसरत मेहदी (निदेशक, म.प्र. उर्दू अकादमी) उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों




में आलोक त्यागी (साहित्यकार व दुष्यंत कुमार के पुत्र), डॉ. मेहताब आलम (शायर व वरिष्ठ पत्रकार) और अन्य साहित्य प्रेमी शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन वरिष्ठ चित्रकार, शायर, लेखक साजिद प्रेमी ने किया। शायर सलीम सरमद ने कहा, अशोक मिज़ाज की शायरी में सवाल, संदेह और संभावनाओं की झलक मिलती है और उनके लेखन में समाज और देश के लिए गहरा लगाव है। वहीं डॉ. अन्जुम बाराबंकवी ने कहा, अशोक मिज़ाज ने अपनी ग़ज़ल में शायरी की पुरानी परंपराओं को समृद्ध किया है। वे बशीर बद्र के क़लाम से प्रभावित हैं, लेकिन अपनी अलग पहचान भी बना चुके हैं। डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा, अशोक मिज़ाज की शायरी में गहरे जीवन दर्शन, सामाजिक यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत मिश्रण है। उनके शेर पाठकों को सोचने और आत्मविश्लेषण के लिए मजबूर करते हैं। कार्यक्रम का दूसरा भाग काव्य पाठ के रूप में हुआ, जिसकी अध्यक्षता डॉ. अली अब्बास उम्मीद ने की। इस सत्र में वरिष्ठ शायरी ज़फ़र सहबाई, इकबाल मसूद, डॉ. नुसरत मेहदी, साजिद प्रेमी, शोएब अली खाँ शाद और अन्य शायरों ने अपनी ग़ज़लें पेश कीं। अशोक मिज़ाज ने भी अपने संग्रह से कुछ ग़ज़लें सुनाईं, जिनमें उनकी गहरी सोच और सरल भाषा का अद्भुत मिश्रण था।

## उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम - बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन 16 फरवरी को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के समस्त जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में 16 फरवरी 2025 को किया जा रहा है। परीक्षा में लगभग 17 लाख से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे।

केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है, देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

### ये होंगे परीक्षा में शामिल

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नवसाक्षर वह शिक्षार्थी होते हैं, जिन्हें सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित किया गया हो और उन्होंने राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आईपीसीएल पद्धति से तैयार की गई उल्लास-अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कार्य किया हो। इसके साथ ही पूर्व के वे नवसाक्षर भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, जिन्होंने साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित कक्षाओं में प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता अर्जित की हो किंतु उन्हें प्रमाण-पत्र प्राप्त हो। ऐसे व्यक्ति जो पूर्व से शिक्षित है किंतु उनके पास किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र न हो भी प्रमाणीकरण के लिये मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हो सकते है।

### साक्षरता कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक का उपयोग

उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके लिये प्रदेश में गठित राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा मोबाइल एप और पोर्टल भी विकसित किया गया है। कार्यक्रम में डोर-टू-डोर सर्वे एवं साक्षरता कक्षाओं की मॉनिटरिंग जियो टैग के माध्यम से की जा रही है। साक्षरता कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, एनसीसी और स्काउट-गाइड के केडिट्स की मदद ली जा रही है।

# मृतकों के परिवार को 8-8 लाख रुपए और नौकरी मिलेगी

## हालात सामान्य, कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी और कर्मकार मंडल योजना ने दिया मदद का भरोसा





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे के बाद शनिवार को स्थिति सामान्य हो गई। दोनों मृतकों का पोस्टमॉर्टम 20 घंटे बाद वैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में किया गया। एडिशनल कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता ने बताया कि मृतकों के परिवारों को कंपनी की तरफ से प्रति परिवार एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। साथ ही कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से 4 लाख रुपए और कर्मकार मंडल योजना के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**घटना स्थल से जले हुए वाहनों को हटाया:** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के अनुसार, घटनास्थल से जले हुए वाहनों को हटा दिया गया है और यातायात सामान्य कर दिया गया है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात है। हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रक ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसकी तलाश के लिए टीम बनाई गई है।

अदाणी पावर के पीआरओ शैलेंद्र कांत ने बताया कि कंपनी मृतक परिवारों के प्रति संवेदनशील है। जले हुए वाहन आउटसोर्स कंपनियों के थे, इसलिए नुकसान का सटीक आकलन नहीं किया जा सकता है। घटना में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

**परिजन बोले- कंपनी ने जमीन ले रखी है, अब जान भी ले रही:** हादसे में सुहरा गांव के 40 वर्षीय रामसागर प्रजापति और अमिलिया गांव के 45 वर्षीय राम लालू यादव की मौत हुई है। रामसागर के परिवार में दो बेटे वह दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटे की उम्र 18 वर्ष, जबकि दूसरे की 12 वर्ष है।

वहीं, राम लालू यादव के परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटा 17 वर्ष तथा दूसरा बेटा 16 वर्ष का है। दोनों पढ़ाई कर रहे हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है की कंपनी प्रबंधन ने उनकी जमीन ले रखी है। अब उनकी जान भी ले रही है। कोयला परिवहन के लिए कंपनी को अलग से अपनी सड़क बना लेनी चाहिए, वरना ऐसे ही जान जाती रहेगी।

# स्कूल वैन और बाइक में टक्कर

## तीन स्कूली बच्चे और बाइक सवार दो लोग घायल, सीधी के कमर्जी इलाके की घटना



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के कमर्जी क्षेत्र में शनिवार शाम 4 बजे जीवन ज्योति स्कूल पटपरा की वैन और एक बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 3 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्कूल वैन बच्चों को छोड़कर वापस लौट रही थी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में स्कूल के छात्र शिवम तिवारी और रवींद्र तिवारी सहित दो अन्य बच्चे घायल हैं। बाइक चालक संजय मिश्रा को सिर में गंभीर चोट आई है।

कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह के अनुसार, दुर्घटना में शामिल वाहनों की संख्या एमपी 53 जेडी 1445 (बाइक) और एमपी 17 बीए 1003 (स्कूल वैन) है। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नौकरानी ने की थी दो भाइयों के घर चोरी

## जमीन में गाड़कर छिपाए थे गहने, पुलिस ने आरोपी से 7 लाख के जेवर बरामद किए



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में रहने वाले दो भाइयों के यहां उनकी नौकरानी ने ही चोरी की थी। पुलिस ने नौकरानी रूपा वर्मा से 7 लाख रुपए के जेवर बरामद किए हैं।

दरअसल, बृजेंद्र सिंह और प्रवीण सिंह सगे भाई हैं और आस-पास रहते हैं। दोनों घरों में एक ही तरीके से चोरी हुई थी और अलमारी का ताला भी नहीं टूटा था। चोरी का पता तब चला, जब घर की महिलाओं को एक शादी समारोह में जाने के लिए गहने निकालने थे।

थाना प्रभारी संजय जायसवाल के अनुसार, जांच में पता चला कि दोनों घरों में एक ही नौकरानी काम करती थी। पूछताछ में आरोपी रूपा वर्मा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने चुराए गए जेवरात को अपने घर के पीछे जमीन में गड्ढा खोदकर एक बॉक्स में छिपा रखा था। इतना ही नहीं, उसने एक हार को बुढ़ार के एक सोनार के यहां गिरवी भी रख दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# संभागीय पर्यवेक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने परीक्षा की तैयारियों का किया अवलोकन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा अयोग इन्दौर के निर्देशानुसार 16 फरवरी (रविवार) को सीधी जिला मुख्यालय में स्थित दो परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 02:15 से सायं 04:15 तक दो सत्रों में परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होना है। जिले के कुल 973 अभ्यर्थी सम्मिलित होगे। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. वि. क्रमांक 01 सीधी में 500 एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 473 छात्र सम्मिलित होगे।

आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने दोनों परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष और परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को निर्देशानुसार परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी नीलेश शर्मा ने की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उनके साथ लायजनिंग अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर 8 साल तक किया रेप

## प्राइवेट वीडियो वायरल की दी धमकी, पुलिस ने नहीं दर्ज की महिला की शिकायत




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में एक महिला ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने उसे शादी का झांसा देकर 8 सालों तक शारीरिक शोषण किया।

**निजी वीडियो और फोटो वायरल करने की दी धमकी:** पीड़िता के मुताबिक, जब उसने आरोपी से शादी करने की बात की तो उसने इनकार कर दिया। 2024 में जब उसके पिता ने उसकी शादी कहीं और कर दी, तो आरोपी ने उसके निजी वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोषण जारी रखा। आरोपी उसे इंदौर और बैढ़न में बुलाकर जबरन रेप करता रहा।

**15 दिन तक थाने में नहीं दर्ज हुई एफआईआर:** न्याय के लिए पीड़िता पिछले 15 दिनों से पुलिस के चक्कर काट रही है। अमिलिया थाने में महिला अधिकारी नहीं होने के कारण उसे महिला थाने भेज दिया गया, लेकिन वहां भी उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई।

थाना प्रभारी राजेश पांडे का कहना है कि महिला ने थाने में दुष्कर्म की बात नहीं की थी, केवल शादी की बात की थी। हालांकि, बाद में जमोड़ी थाने में पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जब इस मामले पर एडिशनल एसपी अरविंद श्रीवास्तव से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने फोन काट दिया और नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। फिलहाल एसपी कार्यालय ने मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार,यूपी की 56 लीटर देसी शराब और 74 हजार की बाइक जब्त



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 56 लीटर से अधिक उत्तर प्रदेश की देशी शराब और करीब 75,000 रुपए की एचएफ डीलक्स बाइक जब्त की गई है। थाना प्रभारी परसराम डाबर के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान मिली सूचना पर पुलिस टीम थुराती तिगेला पहुंची। वहां से पवन शिवहरे और दुर्गेश नामदेव को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी बमोरी पुरवा, थाना जुझार नगर के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**कुछ महीनों में नशीले पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई:** गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 51 क्विंटल अफीम, 750 किलोग्राम गांजा, 500 से अधिक नशीली सिरप की शीशियां, 200 से अधिक नशीली टैबलेट और इंजेक्शन, तथा 13,500 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।

# बिना बताए पुलिस ने उठाए शव, इसलिए आक्रोशित हुए लोग

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में शुक्रवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत के बाद हंगामा हो गया। गुस्साए लोगों ने पांच बस और तीन ट्रक फूंक दिए। एक ट्रक और बस में तोड़फोड़ की। सभी बसें अडानी की पॉवर प्लांट में आउटसोर्स ट्रांसपोर्टर की थीं। इनसे कंपनी के कर्मचारी आना-जाना करते थे।

शनिवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कर गांव में अंतिम संस्कार किया गया। एडिशनल कलेक्टर पीके सेनगुप्ता ने बताया कि हादसे में मृत रामलालू यादव (45) और रामसागर प्रजापति (40) के परिजन को कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से 4-4 लाख और कर्मकार मंडल योजना के तहत 4-4 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

दूसरे दिन घटनास्थल के हालात देखे। मृतक के परिजन, प्रत्यक्षदर्शी और पुलिस अफसरों से बात की।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा 16 फरवरी को

# जिले में लगभग 39 हजार नव साक्षर होंगे परीक्षा में सम्मिलित





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा 16 फ़रवरी को आयोजित होनी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमे ''जन जन साक्षर'' का उद्धेश्य रखा गया है।

कलेक्टर एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा निर्देश अनुसार जिले की समस्त विद्यालयों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उक्त मूल्यांकन परीक्षा में वे नवसाक्षर शमिल होंगे जो एन.आई.एल.पी. एप के माध्यम से आनलाइन सर्वे द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं तथा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा तैयार की गई उल्लास अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कर चुके है। इसके साथ ही साक्षरता मिशन के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होने प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफ्लता प्राप्त की हो तथा प्रमाणीकरण नही किया जा सका हो वे भी इस मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगे। साथ ही ऐसे व्यक्ति जो पूर्व शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं तथा उनके पास किसी प्रकार का प्रमाणीकरण नही हैं वे भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगे। असाक्षरों को पढ़ाने हेतु ''इच वन टीच वन'' का सिद्वांत भी रखा गया जिसमें डाइट के छात्राध्यापकों एवं विद्यालय के छात्रों का भी भूमिका महत्वपूर्ण रही जिसमें उन्होने अपने घर एवं बसाहट के असाक्षरों को स्वयं पढ़ाया है उन्हे भी उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा।

परीक्षा के लिए जिले में शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है, जिसमें प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं के शिक्षको, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन का कार्य सम्पादित किया जायेगा। समस्त शाला प्रभारी उक्त परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गये है। परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक संचालित होगी तथा परीक्षा की अवधि 03 घंटें की रहेगी जिसमें नवसाक्षर अपनी सुविधानुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगे। मूल्यांकन कार्य प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं के शिक्षको, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से किया जाना है। नव साक्षर जो पढ़ना, लिखना एवं बुनियादी संख्यात्मकता में 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करेगे उन्हे ''नीड टू इम्प्रूवमेंट'' के अंतर्गत लिया जायेगा तथा उन्हे आगामी परीक्षाओं में पुनः शामिल किया जायेगा।

परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने हेतु विकासखण्डवार लक्ष्य राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा तय किया गया है। विकासखंड सीधी के लिए 14133, सिहावल के लिए 9217, रामपुर नैकिन के लिए 8912, मझौली के लिए 4678 तथा कुसमी के लिए 2048 लक्ष्य निर्धारित है।

# जिला अस्पताल में 2 घंटे देरी से पहुंचे डॉक्टर

## 100 किमी दूर से आई गर्भवती महिलाएं लाइन में खड़ी रहीं






**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिला अस्पताल में शनिवार को डॉक्टरों की लापरवाही का मामला सामने आया। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाली ओपीडी में 11 बजे तक कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं सहित कई मरीज लंबी कतार में खड़े रहे। ओपीडी नंबर 31, 32 और 36 में, जहां गर्भवती महिलाओं का इलाज होता है, वहां सुबह से कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। मामले की जानकारी मिलने पर सीएमएचओ आरपी गुप्ता ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद 11:03 बजे डॉ. गायत्री नामदेव 32 नंबर क्लिनिक में पहुंचीं और मरीजों का इलाज शुरू किया।

**जांच कराने आई गर्भवती महिलाएं लाइन में खड़ी रहीं:** 100 किलोमीटर दूर से आई रोशनी राजपूत को प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लड टेस्ट और अल्ट्रासाउंड कराना था। वहीं, 15 किलोमीटर दूर पीड़पा गांव से आए प्रदीप साहू अपनी पत्नी रानी का इलाज कराने आए थे। राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि वे सुबह 9:30 बजे से अपनी गर्भवती पत्नी के साथ लाइन में खड़े थे।

**कुछ दिन पहले कलेक्टर ने किया था निरीक्षण:** यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कलेक्टर पार्थ जैसवाल को ओपीडी में लापरवाही की शिकायत मिली थी। उनके निरीक्षण के दौरान तीन डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं मिले थे, जिन्हें नोटिस जारी किया गया था।

**एसडीएम बोले- कार्रवाई की जाएगी:** एसडीएम अखिल राठौर का कहना है कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन से बात कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जिला अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा 16 को

## जिले के दो परीक्षा केंद्रों में 973 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा अयोग इन्दौर के निर्देशानुसार 16 फरवरी (रविवार) को सीधी जिला मुख्यालय में स्थित दो परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 02:15 से सायं 04:15 तक दो सत्रों में परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होना है। जिले के कुल 973 अभ्यर्थी सम्मिलित होगे। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. वि. क्रमांक 01 सीधी में 500 एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 473 छात्र सम्मिलित होगे।

**आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में मूल फोटो परिचय पत्र की अनिवार्यता:** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा केंद्र में आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा। मूल फोटो युक्त पहिचान पत्र में मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर का पेन कार्ड, केंद्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, पासपोर्ट, फोटो सहित बैंक पासबुक, शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम 3 वर्ष पूर्व तक जारी फोटो पहचान पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय पत्र सम्मिलित है। फोटो परिचय पत्र द्वारा आवेदक की पहचान की पुष्टि न होने पर परीक्षार्थी को परीक्षा देने की अनुमति प्रदाय नहीं की जाएगी।

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश:** परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में लिखित सामग्री (काला बॉल पेन) एवं मूल फोटो परिचय पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री अपने साथ कक्ष में ना ले जाए। ओएमआर शीट पर अन्य कोई बात ना लिखें। किसी प्रकार का पहचान चिन्ह न बनाएं। काले बॉल पेन के अतिरिक्त अन्य किसी पेन का उपयोग न करें। अपनी ओएमआर शीट को अपनी टेबल को छोड़कर न जाए। परीक्षार्थी कक्ष में वीक्षक के हाथ में ही ओएमआर शीट सौंपे। वीक्षक की अनुमति के बिना कक्ष न छोड़े। अनुचित साधन का उपयोग न करें। ओएमआर शीट पर निर्धारित जगह पर अपने रोल नंबर और अन्य विवरण अनिवार्य रूप से लिखें। परीक्षा की पूर्ण अवधि समाप्त होने पर ही परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र अपने साथ परीक्षा केंद्र से बाहर ले जा सकेंगे। किसी एक प्रश्न का एक ही उत्तर देवें। बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं।

## विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ से मिलेगी सहायता

# विषय शिक्षक विद्यार्थियों को देंगे परामश, परीक्षा पूर्व की तैयारी हेतु दिये गए सुझाव

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शिक्षा का मूल उद्देश्य बहुमुखी विकास एवं अपने जीवनयापन के लक्ष्य को पाना है। जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिये परीक्षा प्रक्रिया से सभी को होकर गुजरना पड़ता है। परीक्षा में सफ्ल होना कोई जादुई छड़ी का काम नही बल्कि परीक्षार्थी द्वारा किये गये परिश्रम और लगन का फ्ल है। सफ्लता के लिये दृढ़ निश्चय और पढ़ाई में रूचि होना आवश्यक है। परीक्षार्थी यदि सुनियोजित तरीके से चलेगे तो ज्यादा समझ में आयेगा, समझ में आयेगा तो ज्यादा समय तक याद रहेगा और याद रहेगा तो आसानी से लिख पायेगे और सही लिखेगे तो अच्छे अंक मिलेगे।

आत्मविश्विस एवं सफ्ल होने के लिये परीक्षा के अंतिम चरणों में की गई तैयारी का सबसे अधिक योगदान है। मॉक टेस्ट एवं प्री बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर मूल्यांकन कर इस समय का सदुपयोग करें। बोर्ड परीक्षा की समय सारणी के आधार पर विषयों को दोहराने का समय निर्धारित करके पढ़ाई करें।

**जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पीएल मिश्रा ने 60 विषय शिक्षको की लगाई डियूटी:** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 60 विषय शिक्षको की डियूटी लगाई गई है। इन शिक्षको से विद्यार्थी विषय आधारित या अन्य समस्या हेतु परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

**विद्यार्थियों के लिए सामान्य टिप्स:** अपनी क्षमता के अनुकूल लक्ष्य बनाये एवं ईमानदारी से लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करे। नियमित अध्ययन की आदत डाले और समय नियोजन करके पढ़े। बराबर दोहराते रहे। शांत वातारण में पढ़े और पढ़ते समय बीच-बीच में नियमित ब्रेक लेते रहे। अपने भोजन का पूरा ध्यान रखे, 6 से 8 घंटों की नींद भी अवश्य ले। समय कम रह गया है और विषय की पूरी तरह तैयारी नही हुई है तो घबरायें नही निराश न हो। किसी भी ऐसे कार्य या गतिविधि को शुरू न करें जिससे चिंता या घबराहट पैदा हो। प्रत्येक विषय को समान महत्व दे और तैयारी करें। पढ़ाई का समय स्वयं निश्चित करें। किसी भी विषय में कोई समस्या है तो उसे अपने मित्र या अध्यापक से पूछ कर सुलझा लें। उन लोगो से बचे जिनकी आपके प्रति नकारात्मक सोच है। यदि किसी समय ऐसा लगे कि 'अब मुझे याद नही हो रहा या सब कुछ भूल गया' तो उस समय पढ़ाई छोड़ कर थोड़ी देर बाद पढ़ाई शुरू करें। सकारात्मक सोच एवं अच्छी तैयारी से ही आप परीक्षा में अपना श्रेष्ठतम् दे सकते है। यह सवैदा ध्यान रखे। ध्यान बनाये रखे कि आप अपनी क्षमता के अनुसार अच्छे अंक अवश्य लायेगे।

# विचार

## अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति की एक अनबूझ पहेली

जब वे अभूतपूर्व बहुमत के साथ सत्ता में थे और अब जब वे सत्ता की कुर्सी से बेइज्जत होकर बाहर निकल गए हैं, तब भी अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति का एक अनसुलझा रहस्य बने हुए हैं। वे सत्ता की राजनीति की दुनिया में एक असामान्य रास्ते से आए थे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के रूप में काम करते हुए, वे सूचना के अधिकार आंदोलन से जुड़े और फिर अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जुड़ गए। वहां से वे चुनावी राजनीति में आए और अप्रत्याशित सफलता प्राप्त कर देश के शीर्ष नेताओं में से एक बन गए। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि कोई भी समझ नहीं पाया कि राजनीति में उनका अभूतपूर्व विकास कैसे और किन कारणों से हुआ।

राजनीति में उनके तेजी से बढ़ते कद पर एक नजर डालना उचित होगा। वर्ष 2011 में अरविंद केजरीवाल की पहल पर अन्ना हजारे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने दिल्ली आए थे। इस आंदोलन का मुख्य निशाना सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी थी और इसलिए भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने भी इस आंदोलन में रुचि लेना शुरू कर दिया। जिस दिन अन्ना लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर अनशन पर बैठने वाले थे, उसी दिन डॉ मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और यह केजरीवाल के राजनीतिक करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

आंदोलन की सफलता के बाद केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया। हालांकि अन्ना हजारे राजनीति में नहीं आना चाहते थे। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का समर्थन करने वाली भाजपा भी आम आदमी पार्टी ( आप ) के गठन के खिलाफ थी. लेकिन केजरीवाल और उनके साथियों ने पार्टी बनाने का फैसला किया।

आम आदमी पार्टी ने राजनीति में पारदर्शिता लाने का वादा किया। पार्टी ने कहा कि उसे मिलने वाला हर दान चेक के जरिए ही स्वीकार किया जाएगा और हर दानकर्ता का नाम वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से दिखाया जाएगा। पार्टी ने यह भी घोषणा की कि चुनाव लड़ने के लिए टिकट सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों को दिए जाएँगे जिन्हें जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का समर्थन प्राप्त होगा। इसके अलावा पार्टी ने वीआईपी संस्कृति को छोड़ने का वादा करते हुए कहा कि उसके नेता सादा जीवन जिएँगे। बाद में पार्टी अपने सभी वादों से मुकर गई।

# युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**

**चाहे वैश्विक युद्ध की संभावना की बात हो या विभिन्न देशों के बीच ब्रेक के बाद जारी द्विपक्षीय युद्ध की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा (12-13 फरवरी 2025) के क्रम में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है। इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग %ह% से %हलंत% तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतर्राष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं।**



ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। जी हां, भगवान बुद्ध!

वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बंगलादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है।

उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए ततपर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं। भारत इसे बखूबी समझता है। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें क्षमा करता आया है, ताकि इनकी सांप्रदायिक फितरत बदलते।

इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे मौकापरस्त पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। वहीं, दुनियावी मंचों पर अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया। इन बातों का सीधा संदेश है कि जो शांति का दुश्मन है, वो भारत का दुश्मन है।

इस नजरिए से यदि देखा जाए तो आतंकवाद और उसको प्रोत्साहित करने वाले देश या उनका गुट भी भारत के दुश्मन हैं। पूरी दुनिया में हथियारों की होड़ पैदा करके एक दूसरे पर कोहराम मचाने वाले देश या उनके संरक्षक भी भारत के दुश्मन हैं।.....और शायद इसलिए भी भारत हथियारों की होड़ में शामिल हो चुका है, क्योंकि लोहा को लोहा ही काटता है। भारत का बढ़ता रक्षा कारोबार भी उसके इसी नजरिए का द्योतक है। सीधा सवाल है कि समकालीन विश्व में शांति का दुश्मन कौन है? तो सीधा जवाब होगा कि ट्रंफ के नेतृत्व में अमेरिका भले ही चंद्रायण व्रत करने का संकेत लगातार दे रहा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं उसकी नीतियां ही जिम्मेदार रही हैं। हालांकि, भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है।जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है। अपने साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वश चीन अभी जो दुनियावी तिकड़म बैठा रहा है, देर-सबेर उस पर ही भारी पड़ेंगी, क्योंकि भारत की नीतियां ही ऐसी परिपक्क हैं।

वहीं, यह भी कड़वा सच है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह अमेरिकी रणनीतियों से अपने बचाव में किया है या फिर उसे संतुलित रखने के लिए किया है। जबकि चीन जो कुछ भी कर रहा है, वह उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा है। यह भी अजीबोगरीब है कि दुनिया को आतंकवाद और आतंकवादियों का निर्यातक देश पाकिस्तान (अब बंगलादेश भी) अब अमेरिका की बजाय चीनी गोद में खेल रहा है।

यदि आप अमेरिका, रूस, चीन की बात छोड़ दें तो जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ईरान, तुर्की जैसे दूसरी पंक्ति के बहुत सारे देश हैं, जो अपनी अपनी सुविधा के अनुसार नाटो या सीटो में शामिल होते रहे। लेकिन भारत हमेशा ही गुटनिरपेक्ष रहा और गुटनिरपेक्षता की नीति को बढ़ावा दिया। यह गुटनिरपेक्षता की नीति ही शांति की गारंटी है।

दुनिया प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के संतापों को झेल चुकी है। लेकिन तीसरा विश्वयुद्ध यदि दस्तक देते देते सहम जाता है तो उसके पीछे भारत के नेतृत्व में लामबंद तीसरी दुनिया के देश ही हैं, जो किसी की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा के समक्ष घुटने टेकने को तैयार नहीं हैं, बल्कि शांति का पैगाम देते आए हैं। जी-7, जी-20 आदि में भारत की बढ़ती भूमिका इसी बात की परिचायक है। यदि भारत ने चीनी नेतृत्व वाले %ब्रिक्स% की सदस्यता ली है तो उसके पीछे भी पुनीत भावना यही है। वहीं, अमेरिकी नेतृत्व वाले %क्वाड% में भारत की मौजूदगी दुनियावी शांति से ही अभिप्रेरित है।

इसलिए दुनिया के युद्धोन्मत देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों वश भारत उनका मित्र देश भले ही है, लेकिन उनके यौद्धिक मिजाजों का सम्बर्द्धक बनने में उसकी कोई भी दिलचस्पी नहीं है। चाहे अमेरिका हो या रूस, दोनों देशों पर यह बात लागू होती है। भारत हिंसा की दृष्टि से अभिशप्त दुनिया को %बुद्धम शरणम गच्छामि%, वसुधैव कुटुंबकम एवं सत्य-अहिंसा का संदेश देना चाहता है और इसी दिशा में मजबूती पूर्वक वह अग्रसर है।

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करे

**ललित गर्ग**

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को




नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके।

यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं।

# सूरजपुर में एक लाख रिश्वत लेते डीईओ गिरफ्तार

## घर पहुंची एसीबी तलाश रही काली कमाई के रिकॉर्ड, आज कोर्ट में पेश करेगी टीम

**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़े गए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम उनके सूरजपुर और वाड्रफनगर स्थित मकानों में दबिश दी। एसीबी की टीम उनके काली कमाई के रिकार्ड खंगाल रही है। डीईओ राम ललित पटेल कई वर्षों से डीईओ के पद पर कार्यरत थे। भ्रष्टाचार के आरोप में वे सस्पेंड भी किए गए थे।

सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रामललित पटेल ने आरटीई के तहत राज्य शासन से मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि के बदले 5 प्राइवेट स्कूल के संचालक से 2 लाख रुपए की डिमांड की थी। जिन निजी स्कूल के संचालकों ने एसीबी से इसकी शिकायत की, उनमें रामरति पब्लिक स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल दतिमा, सरस्वती बाल मंदिर सोनपुर, प्रिया बाल मंदिर भटगांव और लक्ष्मी विद्या निकेतन नरोला शामिल हैं।


रामललित पटेल (डीईओ)

**आफिस में मिली नगदी, घरों में तलाशी:** एसीबी के डीएसपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि निजी स्कूलों के संचालकों ने दो लाख रुपए रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई तो इसकी तस्दीक के बाद शुक्रवार को डीईओ राम ललित पटेल को ट्रेप किया गया। कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग में वे एक लाख रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों पकड़े गए।

आफिस में जांच के दौरान दो लाख 18 हजार रुपए जब्त किया गया। आशंका है कि ये रकम भी निजी स्कूलों से बतौर रिश्वत ली गई है। डीईओ रामललित पटेल के खिलाफ 7 पीसी एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया है।



**निजी स्कूलों से करते थे अवैध वसूली:** डीएसपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि सूरजपुर जिले में 370 प्राइवेट स्कूल हैं। इनसे अवैध वसूली की शिकायतें मिलती रहती थीं। स्कूलों के संचालकों को जांच के नाम पर धमकाया जाता था। आरटीई के तहत रजिस्टर्ड स्कूलों के संचालकों को राशि जारी करने के नाम पर 10 फीसदी रकम बतौर रिश्वत डीईओ वसूल करता था।

**घरों में दबिश, 2023 में हुए थे सस्पेंड:** डीईओ राम ललित पटेल के मूल निवास बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर एवं सूरजपुर निवास में भी एसीबी की टीम पहुंची। हालांकि घर से क्या मिला, इस संबंध में एसीबी ने खुलासा नहीं किया है। एसीबी डीईओ की काली कमाई से अर्जित संपत्ति की तलाश कर रही है। इनमें जमीनों के दस्तावेज, बैंक में नगदी जमा, शेयर, बीमा में निवेश व लॉकरों की जांच की जाएगी। सूरजपुर में ट्रैप किए जाने के बाद एसीबी की एक टीम ने उनके मूल निवास वाड्रफनगर भी पहुंची है। डीईओ के घर नगदी, जमीनों के दस्तावेज, बैंक रिकार्ड और लॉकरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**2023 में हुए थे सस्पेंड:** सूरजपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल को राज्य शासन ने सितंबर 2023 में 34 लाख रुपए के मिलेट्स खरीदी में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित किया था। इस समय वे बलरामपुर और सूरजपुर जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी के प्रभारी डीईओ थे।

मिलेट्स की खरीदी दूसरे मद में की गई थी। बाद में बहाली के बाद रामललित पटेल ने फिर से सूरजपुर के डीईओ पद में बहाली का जुगाड़ कर लिया। एसीबी की हत्थे रामललित पटेल तब चढ़े, जब उनके रिटायरमेंट के कुछ दिन ही बचे हैं। वे 28 फरवरी 2025 को रिटायर होने वाले थे।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## पुलिस ने जब्त की 575 लीटर महुआ शराब, 1000 किलो लहान और भट्ठी नष्ट



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** कोरबा जिले में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। उरगा थाना पुलिस ने ग्राम चीतापाली (घोघरानाला) में छापेमारी के दौरान 575 लीटर महुआ शराब बरामद की और मौके पर ही करीब 1000 किलोग्राम महुआ लहान और शराब बनाने की भट्ठी को नष्ट कर दिया।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व वाली टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी नाला पार कर फरार हो गए।

मौके से पुलिस ने 20-20 लीटर के 4 प्लास्टिक डिब्बे और 5-5 लीटर के 49 जेरीकेन में भरी कुल 575 लीटर महुआ शराब बरामद की। इसके अलावा शराब बनाने के लिए तैयार किया गया करीब 1000 किलोग्राम महुआ लहान और भट्ठी को मौके पर ही नष्ट किया गया।

उरगा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्र.आर. राजेंद्र मरकाम, आरक्षक नरेश टांडेल समेत पूरी टीम शामिल थी।

# भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत

## तेज रफ्तार 2 बाइक आमने-सामने टकराई, मासूम समेत 4 की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, बालोद (एजेंसी)।** बालोद जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ। मनकुंवर से महामाया जाने वाले मार्ग पर ग्राम आड़ेझर के पास शुक्रवार की घटना है।

महामाया थाना क्षेत्र का मामला है। हादसे में एक मासूम बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दल्ली राजहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी जिसके कारण हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर एक मोड़ होने के कारण दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। हादसे में मृतक भूपत चुरेंद्र, संग्राम कोटागांव और छबिलाल नारंगसुर गांव के रहने वाले थे। महामाया थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के 10 श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं की बोलेरो हादसे का शिकार हो गई। बोलेरो और बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 19 श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी कोरबा जिले से श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए जा रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में रात ढाई बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा टूट गया। पूरी बोलेरो पिचक गई। सभी मृतक बोलेरो में सवार थे। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।


कमिश्नर तरुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसपी यमुनापार विवेक यादव ने बताया- बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। बोलेरो की स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक मारी, लेकिन बोलेरो ट्रक में सामने से भिड़ गई।


# रेलवे ट्रैक पर टुकड़ों में मिली गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की लाश

## सिर-धड़ से अलग और हाथ-पैर कटे, युवक के परिजन बोले-हत्या हुई, मोबाइल से डेटा डिलीट है

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में युवक और युवती की रेलवे ट्रैक पर लाश मिली है। दोनों के शव टुकड़ों में बंटे हुए थे। हाथ और पैर के अलावा सिर भी कटा हुआ था। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। युवक के मोबाइल से डेटा डिलीट मिला है। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, युवक की पहचान सिरगिट्टी निवासी सोमनाथ यादव (23 साल) और युवती की पहचान तमन्ना मानिकपुरी (21 साल) के रूप में हुई है। दोनों का घर एक ही इलाके में है। बताया जा रहा है कि, दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, युवती एक दिन पहले किसी परिचित की शादी में गई थी, लेकिन वह घर नहीं लौटी। उसके परिजनों ने रिश्तेदारों में पतासाजी की। उसको आसपास तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। युवक के परिजनों ने भी तलाश की, लेकिन उसका भी पता नहीं चला।





**पटरी पर खून के धब्बे, शरीर के मांस के टुकड़े मिले:** युवती के परिजनों ने बताया कि, दूसरे दिन सूचना मिली कि परसदा रेल लाइन इलाके में युवक-युवती की टुकड़ों में लाश मिली है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे। लड़के का हाथ-पैर, सिर और धड़ अलग हो चुका है, जबकि लड़की का सिर बुरी तरह कुचला गया है। पटरी पर खून के धब्बे और शरीर के मांस के टुकड़े बिखरे हुए हैं।

**परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया:** परिजनों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जीआरपी और चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

**युवक के भाई ने कहा-वो खुदकुशी नहीं कर सकता:** मृतक का भाई खोमलाल यदु यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने भाई की मौत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि कि, मेरा भाई बहादुर था वो खुदकुशी नहीं कर सकता, जिस तरह से उसकी लाश मिली है, इससे मामला संदिग्ध लग रहा है। खोमलाल यदु यादव ने कहा कि उसका शरीर कई टुकड़ों में मिला है, उसके ट्रेन से कटने पर भी संदेह है। उसके मोबाइल से डेटा डिलीट हुआ है। निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**पुलिस हर एंगल से कर रही जांच:** वहीं, मामले में जीआरपी ने बताया कि मृतकों के परिजनों, उनके दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। कैसे किस हालत में वह ट्रैक पर पहुंचे, ये खुदकुशी है या हत्या हर एंगल से जांच की जा रही है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

## 2 नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार, पड़ोसियों के हल्ला करते ही छत के रास्ते भागे थे चोर



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी के मामले में दो नाबालिग समेत 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। वारदात के दौरान जब घर से शोरगुल की आवाज सुनाई दी। तो पड़ोसियों ने हल्ला किया। जिसके बाद आरोपी छत के रास्ते फरार हो गए थे। यह पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाठागांव का है। महेंद्र तिवारी ने पुरानी बस्ती थाने में बताया कि वह खल्लारी गौशाला के पीछे भाठागांव में रहता है। 10 फरवरी की शाम को घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ सरोना चला गया था। अगले दिन सुबह 4 बजे के करीब पड़ोसियों ने घर में शोरगुल की आवाज सुनी। इसके बाद उन्हें चोरों का शक हुआ तो पड़ोसियों ने हल्ला किया। जिसके बाद घर के भीतर से चोर छत के रास्ते बाहर की तरफ भागे।

**गहने-जेवर ले गए थे, अब बरामद:** महेंद्र जब घर वापस पहुंचा तो देखा कि मेन गेट और अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के भीतर रखी। अलमारी खुली थी और उसमें रखा सोने-चांदी के जेवर गायब थे। जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई। इस मामले में आसपास सीसीटीवी कैमरों और पूछताछ के आधार पर टिकरापारा निवासी हिमेन्द्र ठाकुर को पकड़ा।हिमेन्द्र पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने दो नाबालिग लड़कों के साथ मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने चांदी के जेवर समेत करीब 2 लाख रुपए का माल बरामद कर लिया है।

# रेल सुरक्षा को लेकर बड़ी पहल

## बिलासपुर-शहडोल रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, खोडरी-खोंगसरा घाट सेक्शन पर विशेष ध्यान

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में रेल सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने गुरुवार को बिलासपुर-शहडोल रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से किए गए इस निरीक्षण में उन्होंने रेलवे की सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। महाप्रबंधक ने खास तौर पर खोडरी-खोंगसरा घाट सेक्शन पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुल-पुलिया, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन, प्वाइंट्स और समपार फाटक जैसी सभी महत्वपूर्ण संरचनाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

महाप्रबंधक ने रेल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि संभावित जोखिमों को कम करने के लिए निरंतर निगरानी जरूरी है। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने महाप्रबंधक की अनुशंसाओं को शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर, छात्रा की

## बलौदाबाजार में स्कूल से लौट रही थी, परिजनों ने 50 लाख मुआवजा मांगा

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सिरपुर-घोटिया मार्ग पर भवानीपुर स्कूल के सामने एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय छात्रा तुमेश्वरी यादव की मौत हो गई। छात्रा साइकिल से स्कूल से घर लौट रही थी, जब एक तेज रफ्तार सीमेंट लोडेड ट्रक ने उसे कुचल दिया।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और मृतका के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब 6 घंटे तक सिरपुर-घोटिया मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा।



**एसडीएम ने ग्रामीणों को समझाइश दी:** स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम सीमा ठाकुर मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों से बात की। प्रशासन ने तुरंत 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलनकारियों ने जाम समाप्त किया।

**चालक गिरफ्तार, वाहन जब्त:** पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने भवानीपुर स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने और सड़क सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

# जिले के सभी नगरीय निकायों की मतगणना सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से हुआ संपन्न

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई मतगणना की चाकचौबंद व्यवस्था

### निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक की निगरानी में हुई मतगणना कार्य सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. वेंकट राहुल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एमसीबी जिले के सभी नगरीय निकाय चुनाव के तहत 11 फरवरी को हुए मतदान की मतगणना की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना स्थलों में संपन्न हुई। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय में नियुक्त प्रेक्षकगणों ने मतगणना कार्य को अपनी निगरानी में संपन्न कराया। निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के उपरांत विजयी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसरों ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।





वहीं मतगणना कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला अधिकारी, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, मतगणना कार्मिकों और सुरक्षा कार्मिकों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रतिमा यादव ने विजय हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी प्रभा पटेल को पराजित कर जीत दर्ज की। रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसी तरह नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की 22 वार्डों की पार्षदों की गणना की गई जिसमें से 10 पार्षद भाजपा से, 09 पार्षद कांग्रेस से और 03 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की।

वहीं दूरांचल क्षेत्र की नगर पंचायत जनकपुर में भाजपा प्रत्याशी कौशल पटेल ने जीत दर्ज की। जनकपुर की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 11 पार्षद भाजपा से, 02 पार्षद कांग्रेस से और 02 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की। वहीं झगराखांड नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी रीमा रमेश यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी चम्पा जयसवाल को हराकर विजय प्राप्त की। झगराखांड की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 09 पार्षद भाजपा से, 05 पार्षद कांग्रेस से और 01 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की।इसके साथ ही नई लेदरी नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह राणा ने अपने प्रतिद्वंद्वी विष्णु दास पनिका को पराजित कर जीत दर्ज की। नई लेदरी की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 07 पार्षद भाजपा से, 05 पार्षद कांग्रेस से और 03 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की। वहीं कोयलांचल क्षेत्र की नगर पंचायत खोंगापानी से कांग्रेस प्रत्याशी ललिता रामा यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी वंदना लोहार को पराजित कर विजय हासिल की। खोगापानी की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 10 पार्षद भाजपा से, 03 पार्षद कांग्रेस से और 02 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की।

## स्कूली बच्चों ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव (एजेंसी)।** कोंडागांव में 14 फरवरी को एक अनूठी पहल देखने को मिली, जहां स्कूली बच्चों ने वैलेंटाइन डे की जगह पुलवामा शहीद दिवस और मातृ-पितृ दिवस मनाया। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ से जुड़े शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी और देवखरगांव में कब-बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं ने इस विशेष दिन को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। बच्चों ने शहीदों की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किए और पुष्प अर्पित किए। एडवांस कब-मास्टर पवन कुमार साहू ने बच्चों को पुलवामा हमले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 14 फरवरी 2019 को दोपहर 3 बजे पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने जम्मू-कश्मीर के नेशनल हाईवे पर सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसी दिन बच्चों ने मातृ-पितृ दिवस भी मनाया। छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता को सम्मान देते हुए उन्हें उच्च आसन पर बिठाया। कुमकुम, तिलक और अक्षत लगाकर उनकी आरती उतारी।

# सब इंस्पेक्टर के घर बिना ताला तोड़े चोरी

## दरवाजे का स्क्रू खोलकर कुंडी निकाली, महाकुम्भ में स्नान के लिए गया था परिवार

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में सब इंस्पेक्टर के घर चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर के दरवाजे का बिना ताला तोड़े इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने भीतर घुसने के लिए कुंडी का स्क्रू निकाल दिया। फिर कमरे की अलमारी में रखें सोने-चांदी के गहने और रुपए लेकर फरार हो गए। ये पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। निर्मला मिश्रा ने बताया कि, उनके पति अशोक मिश्रा महेंद्रगढ़ में सब इंस्पेक्टर के पद पर हैं। निर्मला अपने परिवार के साथ 30 जनवरी को प्रयागराज गई थी। 14 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे वो अपनी बेटी के साथ रायपुर के आमनाका इलाके के सनसिटी में पहुंची। घर के भीतर जाकर देखा तो दरवाजा खुला हुआ था। चोर ने बाउंड्री वॉल से कूदकर आंगन में लगे बल्ब को निकाल कर अंधेरा कर लिया।

**ताला तोड़ने की बजाये स्क्रू खोल दिए:** चोरों ने घर के मेन गेट के ताला को तोड़ने की बजाए कुंडी का स्क्रू खोल दिया। जिससे कि शोरगुल की आवाज सुनकर किसी को भनक न लगे। इसके बाद लोहे की अलमारी का भी लॉक पेचकस से खोल दिया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट कर श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ ने प्रदेश में 9100 करोड़ रूपये के निवेश का दिया प्रस्ताव

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को श्री टेक डेटा लिमिटेड कंपनी के सीईओ श्री विजय आनंद ने भेंट की। उन्होंने प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में निवेश की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर 9100 करोड़ रूपये के निवेश का प्रस्ताव दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रदेश में उन्नत बुनियादी ढांचे और तकनीकी विस्तार पर चर्चा हुई। श्री टेक डेटा लिमिटेड ने इंदौर में 4 हजार करोड़ रूपये की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, बीना (सागर) में 3 हजार करोड़ रूपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रूपये के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना के लिए 1500 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये। बैठक में जिला उद्योग केंद्र भोपाल के जीएम श्री कैलाश मानेकर भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक बन चुका है। मजबूत बुनियादी ढांचे, सुलभ नीतियों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण होने से वैश्विक कंपनियाँ प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ श्री आनंद ने कहा कि यह निवेश प्रदेश में डिजिटल और हरित ऊर्जा क्रांति को गति देगा, जिससे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास होगा और हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से नीति समर्थन, भूमि आवंटन और अन्य आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ का यह निवेश मध्यप्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल तकनीकी और ऊर्जा क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा बल्कि स्थानीय युवाओं और स्टार्ट-अप्स को भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

## धनखड़ बोले- सीबीआई डायरेक्टर के चयन में सीजेआई क्यों

भोपाल (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर या अन्य बड़े अधिकारियों (चीफ इलेक्शन कमिश्नर) के सिलेक्शन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया कैसे हिस्सा ले सकते हैं। न्यायिक सक्रियता और अतिक्रमण के बीच की रेखा पतली है, लेकिन लोकतंत्र पर इसका प्रभाव मोटा है। धनखड़ ने आगे कहा- यह बात हैरान करती है कि हमारे जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई डायरेक्टर के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं। क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को भोपाल में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 के आर्टिकल 4ए के तहत की जाती है। डायरेक्टर का सलेक्शन तीन सदस्यीय कमेटी करती है। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल होते हैं।

सीबीआई डायरेक्टर के चयन की प्रक्रिया चुनाव आयुक्त की नियुक्ति जैसी ही था। मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए भी प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की तीन सदस्यीय कमेटी करती थी, लेकिन सरकार ने नया कानून लाकर इसमें बदलाव किया। फिलहाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर के सिलेक्शन का प्रोसेस विवादों में है।

## भारत खुद 5वीं पीढ़ी का फाइटर जेट बना रहा

बेंगलुरु (एजेंसी)। सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी थी। भारत खुद के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो 2-3 साल में पूरा हो जाएगा। रूस भी भारत को यह फाइटर जेट बेचने का ऑफर दे चुका है। रूसी हथियार कंपनी ने बेंगलुरु एयर शो में कहा कि विमान की सप्लाई के अलावा हम भारत में इसका जॉइंट प्रोडक्शन भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि इस साल से अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर के सैन्य उपकरण बेचेगा। साथ ही एफ-35 स्टील्थ फाइटर्स देने का भी रास्ता साफ करेगा। ट्रम्प ने भले ही भारत को एफ-35 विमान देने की पेशकश कर दी हो, लेकिन इस डील को पटरी पर लाना आसान नहीं होगा। अमेरिका को अपनी संसद कांग्रेस से मंजूरी लेनी होगी। फिर भारत लागत पर विचार करेगा।

## दिल्ली में आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली (एजेंसी)। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने वालों में एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना से पार्षद निखिल शामिल हैं। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इनके अलावा आप के 4 नेताओं ने भी भाजपा जॉइन की। संदीप बसोया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में



शामिल हुए। वे आप से नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। दिल्ली नगर निगम में कुल 250 पार्षद की सीटें हैं। इनमें आप के 121 पार्षदों में से 3 ने विधानसभा चुनाव जीता, यानी 118 पार्षद बचे। भाजपा के 120 पार्षदों में से 8 विधानसभा चुनाव जीते, यानी 112 बचे। अब 3 पार्षद के दलबदल के बाद आप का आंकड़ा 115 और भाजपा का आंकड़ा 115 यानी बराबर हो गया है। अप्रैल में एमसीडी के चुनाव होंगे दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के मेयर का चुनाव इसी साल अप्रैल में होने वाला है। मेयर का पिछला चुनाव नवंबर 2024 में हुआ था, लेकिन कार्यकाल केवल 5 महीने का है क्योंकि एमसीडी में हर साल अप्रैल में ही मेयर का चुनाव होता है। तब आप के महेश खिंची ने भाजपा के किशन लाल को 3 वोट से हराया था। तब 263 वोट डाले गए थे। खिंची को 133, लाल को 130 वोट मिले थे। 2 वोट अवैध हो गए थे।

## महाकुंभ में फिर भीषण आग, कई टेंट जले

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार 6 बजे शाम को श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर के पंडालों में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है। मेले में जबरदस्त भीड़ की वजह से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने में देरी हुई।



नोटों के बैग भी जले चश्मदीद ने बताया कि श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर में भी आग लगी। यहां से सभी लोग जा चुके थे। कुर्सी, टेंट, खाने का सामान जल गया। शिविर में नोटों के 3 बैग रखे थे, बताया जा रहा है कि एक बैग सुरक्षित रख लिया गया है। दो बैग के जलने की आशंका है।

## अमेरिका आज 119 भारतीयों को जबरन भेजेगा

अमृतसर (एजेंसी)। अमेरिका अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को 2 और विमानों से भारत वापस भेज रहा है। इनमें से एक विमान आज (15 फरवरी) रात करीब सवा 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरेगा, जिसमें 119 लोगों के होने की संभावना है, जबकि दूसरा विमान 16 फरवरी को यहां लैंड करेगा। इसे लेकर पंजाब सीएम भगवंत मान और भाजपा आमने-सामने हो गए हैं।

सीएम मान ने कहा है कि पंजाब में अवैध अप्रवासियों के विमान उतारना गलत है। यह पंजाब को बदनाम करने की साजिश है। जो लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे, उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है। पहले भी जो लोग डिपोर्ट हुए थे, उनमें अलग-अलग प्रदेशों के लोग थे। फिर विमान अमृतसर में क्यों उतारे जा रहे हैं? ष्टरू के मान इस बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि सीएम भगवंत मान को ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करने से बचना चाहिए।

## महाकुंभ यात्रियों की बोलेरो-बस टकराई, 10 की मौत

प्रयागराज (एजेंसी)। यूपी के प्रयागराज में शुक्रवार रात करीब ढाई बजे बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, 19 घायल हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। वे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ। घायल हुए 19 लोग बस में सवार थे,जो कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वे संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह डैमेज हो गई। श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। इन्हें निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। एसपी यमुनापार विवेक यादव ने बताया- बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। इसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक लगाया, लेकिन सामने से आ रही बोलेरो बस में सामने से भिड़ गई। मरने वाले कोरबा के दर्री और जांजगीर चांपा जिले के रहने वाले थे। दो परिवार के लोग साथ में आए थे।

कमिश्नर तरुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। घायलों को रामनगर के सिटी हेल्थ सेंटर में भर्ती करवाया गया। शुरुआती इलाज के बाद सभी को स्वरूप रानी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पूर्व सीएम केजरीवाल के बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने 13 फरवरी को जांच के आदेश जारी किए हैं। आदेश सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट सामने आने के बाद दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 40 हजार वर्ग गज (8 एकड़) में बने बंगले के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि बंगले के रेनोवेशन में 45 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं।

भाजपा ने बंगले को केजरीवाल का शीशमहल नाम दिया है। केजरीवाल यहां 2015 से 2024 तक रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि केजरीवाल का बंगला 4 सरकारी संपत्तियों को गलत तरीके से मिलाकर बनाया गया है। इस प्रोसेस को रद्द कर दिया जाना चाहिए। भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ के बाद इस बंगले में नहीं रहेगा। भाजपा ने जारी किया था वीडियो, शीशमहल कहा 9 दिसंबर 2024 को भाजपा ने एक वीडियो जारी किया।

## न्यू इनकम टैक्स बिल- 31 सदस्यीय कमेटी गठित

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को नए इनकम टैक्स बिल के लिए 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित कर दी। भाजपा सांसद और ओडिशा के केंद्रपाड़ा से सांसद बैजयंत पांडा को चेयरमैन बनाया गया है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन रिपोर्ट सौंपनी है। मौजूदा बजट सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे हफ्ते में शुरू हो सकता है। कमेटी के सदस्यों में निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, सुधीर गुप्ता, नवीन जिंदल, अनिल बलूनी, दीपेंद्र हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले आदि शामिल हैं। नए इनकम टैक्स बिल ये समिति अपनी सिफारिशें देगी, फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से इस पर निर्णय लेगी कि क्या इन संशोधनों को शामिल करने की जरूरत है। इसके बाद विधेयक संसद में वापस आएगा और फिर सरकार इसके रोलआउट की तारीख पर फैसला करेगी। सरकार पिछले कई सालों से इनकम टैक्स कानून को आसान बनाने की कोशिश कर रही थी।

## छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 फरवरी को चुनाव हुए थे। भाजपा ने सभी 10 नगर निगम में जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।


वहीं, राज्य की 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं।



आप ने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में आप की यह पहली जीत है। रायपुर में भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग इलाकों में मना रही है। जयस्तंभ चौक पर जमकर आतिशबाजी की गई। भाजपा की मीनल चौबे ने रायपुर निगम में बड़ी लीड से जीत दर्ज कर मेयर चुनी गई हैं। इस जीत को पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने भाजपा पर जनता का विश्वास का होना बताया है। रायपुर नगर निगम में बीजेपी प्रत्याशी को मिली बड़ी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार और बाइक से रैली निकाली। इस दौरान रायपुर भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक सुनील सोनी के साथ कई भाजपाई मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल सिन्हा ने 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इन्हें आतंकी संगठनों से संबंध रखने के कारण बर्खास्त किया गया है। तीनों फिलहाल जेल में बंद हैं। एक कर्मचारी जम्मू-कश्मीर पुलिस में कॉन्स्टेबल था, जिसका नाम फिरदौस अहमद भट है। ये सर्विस के दौरान आतंकी संगठन लश्कर के लिए काम करता था। अन्य 2 कर्मचारियों में से एक की पहचान टीचर और दूसरे की वन विभाग के कर्मचारी के रूप में हुई है।



## केंद्र और किसानों की मीटिंग बेनतीजा,अब 22 फरवरी को चंडीगढ़ में छठी वार्ता

चंडीगढ़ (एजेंसी)। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और केएमएम के 28 किसान नेताओं की केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ शुक्रवार को चंडीगढ़ में रूक्कसमेत 11 मुद्दों पर बैठक हुई। शाम 5ः11 बजे से रात 8ः30 बजे तक चली बैठक बेनतीजा रही। किसानों ने चेताया कि केंद्र एमएसपी गारंटी की मांग को हल्के में न ले। अब 22 फरवरी को अगली बैठक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ होगी। किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा- किसान नेताओं के साथ हमारी अच्छे माहौल में मीटिंग हुई। हमने किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। हमने उन्हें किसानों के लिए बजट में लिए गए फैसलों के बारे में बताया। 22 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक बैठक होगी। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा- मीटिंग पॉजिटिव रही। सरवन सिंह पंधेर ने कहा किसान संगठन केंद्र से बातचीत के जरिए मुद्दे हल करना चाहते हैं, लेकिन सरकार को अप्रोच भी कैजुअल नहीं होनी चाहिए। यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि रूक्क लागू करने से 1 लाख करोड़ का सालाना खर्च होगा।

## केरल रैगिंग केस-प्रिंसिपल और असिस्टेंट प्रोफेसर सस्पेंड

केरल (एजेंसी)। कोट्टायम नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग के विरोध में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। केरल के कोट्टायम में नर्सिंग स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग मामले में केरल सरकार ने कॉलेज की प्रिंसिपल सुलेखा ए टी को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर व हॉस्टल के वार्डन इंचार्ज अजीश पी मणि को भी हटा दिया है। उन पर आरोप है कि वे रैगिंग रोकने और इस मामले में समय पर



हस्तक्षेप करने में नाकामयाब रहे। केरल के स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, हॉस्टल के हाउसकीपर और सुरक्षा गार्ड को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। सरकार ने यह कार्रवाई मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है। केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में 12 फरवरी को जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया था। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया था।

# विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का आगाज, गुजरात और बेंगलुरु के बीच पहला मुकाबला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन की शुरुआत हो चुकी है। पहला मुकाबला गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। वहीं डब्ल्यूपीएल के इस सीजन का आगाज रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। वहीं आरसीबी और गुजरात के बीच मुकाबला कोटांबी स्टेडियम, बड़ोदरा में खेला जा रहा है। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसाल किया। जहां गुजरात पहले बल्लेबाजी कर रही है। वहीं टॉस जीतने के बाद आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि, बड़ौदा में वापस आकर अच्छा लगा। हम एक महीने पहले यहां आए थे। मुझे लगा कि ये गुजरात का घरेलू मैदान होगा, लेकिन ऐसा लग रहा है कि ये हमारा घरेलू मैदान है। हम पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे। ओस एक बड़ा कारक है। इसलिए ओस आने से पहले कुछ ओवर ही खेल लेना बेहतर है। हमारे पास अच्छे अभ्यास सत्र थे, तैयारी अच्छी रही। कुछ बदलाव मजबूरी के किए गए। पेरी, वेयरहम, डैनी और किम चार विदेशी खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में हैं।

गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने कहा कि, हम भी गेंदबाजी करना चाहते थे। लेकिन कोई बात नहीं। हमने गुजरात की लड़कियों के साथ अच्छा तालमेल बनाया है। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं। शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं।

आरसीबी- स्मृति मंधाना (कप्तान), डेनिएल व्याट-हॉज, एलिस पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कनिका अहूजा, जॉर्जिया वेयरहम, किम गर्थ, प्रेमा रावत, जोशिता वीजे, रेणुका ठाकुर सिंह।

गुजरात जायंट्स- लॉरा वोल्वार्ड्ट, बेथ मूनी (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, एशले गार्डनर (कप्तान), डींड्रा डॉटिन, हरलीन देओल, सिमरन शेख, तनुजा कंवर, सयाली सतघरे, प्रिया मिश्रा, काशवी गौतम।

## न्यूजीलैंड के बेन सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर, अब ऐसी है कीवी टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले करारा झटका लगा है। टीम के गेंदबाज बेन सियर्स चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड ने सियर्स की जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया है।

वे पाकिस्तान में चल रही त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा हैं। सियर्स चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव है। न्यूजीलैंड का चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच पाकिस्तान से है। ये मुकाबला 19 फरवरी को खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को प्रेस रिलीज जारी करके जानकारी शेयर की। बोर्ड ने बताया बेन सियर्स की मांसपेशियों में खिंचाव है। वे चोटिल हैं, सियर्स इसी वजह से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में नहीं खेल पाएंगे। सियर्स बाएं पैर में दिक्कत है। वे कराची में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे थे। सियर्स बुधवार को ट्रेनिंग के दौरान दिक्कत का सामना करते दिखे। उनकी रिकवरी में कम से कम 2 हफ्ते लगेंगे।

न्यूजीलैंड ने सियर्स के बाहर होने के बाद जैकब डफी को टीम में शामिल किया है। वे न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 10 वनडे मैच खेल चुके हैं। डफी ने इस दौरान 18 विकेट झटके हैं। उनका एक मैच में 41 रन देकर 3 विकेट लेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। डफी 18 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में 19 विकेट लिए हैं।

## इंग्लैंड के कोच मैकुलम ने कहा, अच्छी तैयारी के साथ भारत दौरे पर आए थे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उनकी टीम ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। रवि शास्त्री और केविन पीटरसन ने बुधवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा था कि जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी ने वनडे श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। भारत ने इस श्रृंखला के तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था। मैकुलम ने इंग्लैंड की तीसरे वनडे में हार के बाद 'टॉकस्पोर्ट' से कहा, '' यह पूरा बयान ही तथ्यात्मक रूप से गलत है कि हमने अच्छी तैयारी नहीं की थी।'' उन्होंने कहा, ''हम बहुत अच्छी तैयारी के साथ यहां आए थे। हमारे खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेल कर यहां आए थे। परिणाम अनुकूल नहीं रहने पर यह कहना आसान हो जाता है कि हमने पर्याप्त तैयारी नहीं की थी।'

'इंग्लैंड की टीम ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे से पूर्व अभ्यास सत्र में भाग लिया था लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में उसने अनौपचारिक अभ्यास सत्र का विकल्प चुना था। अगले हफ्ते पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को अपने आखिरी वनडे मैच में भारत से 142 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला से पहले पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भी भारत से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। मैकुलम ने जैकब बेथेल (हैमस्ट्रिंग) और जेमी स्मिथ (पिंडली) की चोटों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''हमारे खेलने की एक शैली, एक तरीका है जिस पर हम पूरा विश्वास करते हैं।

## करुण नायर को क्यों नहीं मिली टीम इंडिया में जगह?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के बल्लेबाज करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाया है। इसके बावजूद उन्हें टीम इंडिया में मौका नहीं मिला। भारतीय चीफ सेलेक्टर ने हाल ही में इस बारे में बात की और करुण नायर के सेलेक्शन न होने की वजह भी बताई। अजीत अगरकर के बयान का करुण नायर ने स्वागत किया। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले चीफ सेलेक्टर ने कहा था कि, इस टीम में सेलेक्शन आसान नहीं है। उन्होंने कहा किस फिलहाल इस टीम में जगह बनाना वाकई मुश्किल है। जिन खिलाड़ियों को चुना गया है उन पर नजर डालें। सभी का औसत 40 के आसपास है। दुर्भाग्य से आप सभी को 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल नहीं कर सकते। लेकिन ये प्रदर्शन निश्चित रूप से आपको ध्यान आकर्षित करते हैं। अगर किसी खिलाड़ी की फॉर्म खराब होती है या चोटिल होते हैं तो निश्चित रूप से उसके बारे में चर्चा होगी। वहीं अजीत अगरकर के इस बयान के बाद करुण नायर ने रेव्जस्पोर्ट्स से कहा कि, ये देखना अच्छा था कि एक स्पष्ट बयान दिया गया था। मुझे लगता है कि उन्होंने ये बहुत स्पष्ट कर दिया था कि, आप जानते हैं कि उनकी सोच क्या थी, जिससे खिलाड़ी के लिए ये समझना आसान हो जाता है कि उसे कहां जाना है और उसे क्या करना है। कम से कम मेरे लिए, ये सिर्फ अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने और इस समय रणजी ट्रॉफी जीतने पर ध्यान केंद्रित कनरे के बारे में है।

## बीसीसीआई ने गौतम गंभीर के खास को किया उनसे दूर, इस कारण से साथ रहना हुआ मुश्किल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई इस समय अपने नियमों को लेकर सख्त है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में बोर्ड ने कुछ फैसले किए थे और उन पर वो कायम है। इंग्लैंड के भारत दौरे पर ये देखने को भी मिला। बोर्ड ने फैसला किया था कि सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों का कोई भी मैनेजर टीम के साथ नहीं होगा और इंग्लैंड सीरीज के दौरान ऐसा ही हुआ।

ये फैसला इसलिए किया गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गौतम गंभीर के पीए टीम होटल में ही रुक रहे थे और टीम के साथ ही थे। वह एडिलेड के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी घूम रहे थे। इसी कारण बीसीसीआई ने ये फैसला किया था।

हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा नहीं हुआ। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि, कोचिंग स्टाफ के पर्सनल सेकेट्री, जो लगातार टीम होटल में रह रहा था वह अब दूसरे होटल में रहते हैं। हालांकि, वह इंग्लैंड सीरीज के दौरान हर मैच में स्टेडियम में उपलब्ध थे।

रिपोर्ट में गंभीर का नाम नहीं है लेकिन टीम इंडिया के मौजूदा कोचिंग स्टाफ में से सिर्फ गंभीर ही इकलौते हैं जिनका अपना खुद का पीए है जो टीम के साथ सफर करता है। ऑस्ट्रेलिया में गंभीर के पीए की हर मैदान पर मौजूदगी ने बीसीसीआई को परेशान कर दिया था।

पीटीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था कि, उनका पीए उस कार में क्यों बैठा है जो नेशनल सेलेक्टर्स के लिए है। कार में तीसरे इंसान की मौजदूगी के कारण वह चीजें प्राइवेट में डिस्कस भी नहीं कर सकते। उन्हें एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी जगह दी गई थी?

बीसीसीआई ने कोचिंग स्टाफ के पीए के साथ जाने, रुकने पर ही रोक नहीं लगाई थी बल्कि खिलाड़ियों के परिवार के रुकने की भी समय सीमा तय कर दी थी। पहले पूरे दौरे के दौरान परिवार खिलाड़ियों के साथ रह सकता था, लेकिन अब इसमें कटौती कर दी है। 45 दिन के दौरे पर परिवार दो सप्ताह से ज्यादा खिलाड़ी के हाथ नहीं रह सकता।

## बाबर आजम का कारनामा, विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 29 रन की पारी खेली। इस दौरान बाबर ने 34 गेंदों का सामना किया और 4 चौके के साथ ही 1 छक्का भी लगाया। नाथन स्मिथ ने उन्हें कॉट एंड बोल्ड आउट किया। मुकाबले में 10 रन बनाते ही बाबर आजम ने इतिहास रच दिया। इतना ही नहीं उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। बाबर आजम अब वनडे में संयुक्त रुप से सबसे तेज 6000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने हाशिम अमला की बराबरी कर ली है। बाबर आजम ने वनडे की 123 पारियों में 6000 रन पूरे किए। हाशिम ने भी इस कीर्तिमान तक पहुंचने के लिए 123 पारियों का सहारा लिया था। विराट कोहली ने वनडे की 136 पारियोंमें 6000 रन बनाए थे। वहीं केन विलियमसन और डेविड वॉर्नर ने 139-139 पारियों में ये उपलब्धि हासिल की थी।




## पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी अब इस महिला को कर रहे हैं डेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को एक बार फिर से प्यार हो गया है। उन्होंने खुद अपने नए रिलेशनशिप की पुष्टि की है। ललित मोदी ने 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे के मौके पर सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि उन्होंने 25 साल पुरानी दोस्त के साथ रिलेशन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपनी पार्टनर्स की तस्वीर तो शेयर की है, लेकिन उनके नाम को गुप्त रखा है। ललित मोदी के फैंस उन्हें इस नई शुरुआत पर बधाई दे रहे हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कैप्शन में लिखा कि, एक बार भाग्यशाली रहा था, लेकिन मैं दूसरी बार भी भाग्यशाली रहा हूं। अब एक 25 साल पुरानी दोस्ती प्यार में तब्दील हो गई है। ऐस दो बार हुआ है। मैं उम्मीद करता हूं कि आपके साथ भी ऐसा ही संयोग हो।

ललित मोदी ने 1991 में मीनल संगरानी से शादी रचाई थी और उनका रिलेशन 27 सालों तक चला मीनल का 2018 में कैंसर के कारण निधन हो गया था। उनके 2 बच्चे हैं, जिनके नाम आलिया और रुचिर हैं। ललित की एक सौतेला बेटी भी है, जिसका जन्म मीनल की पहली शादी से हुआ था। चूंकि ललित और मीनल की उम्र में करीब 10 साल का अंतर था, इसलिए दोनों के रिलेशन में दिक्कतें भी सामने आईं। यहां तक कि ललित का परिवार इस शादी के पक्ष में नहीं था, लेकिन दोनों का रिश्ता अड़िग रहा।

ललित के क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेशन करियर की बात करें तो पैसों के लेन-देन में अनियमितताओं के कारण बीसीसीआई ने उन्हें साल 2010 में सस्पेंड कर दिया था। इन आरोपों का दोषी पाए जाने पर 2013 में ललित पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था। कुछ समय पूर्व उनके भारतीय अभिनेत्री सुष्मित सेन को डेट करने की अटकलें थीं, लेकिन दोनों में से किसी ने इस रिलेशनशिप की पुष्टि नहीं की थी।

## आईपीएल फैंस के लिए बुरी खबर, मुफ्त में आईपीएल मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग नहीं देख पाएंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्ट्रीमिंग फ्री देखा करते थे। लेकिन आईपीएल 2025 में ऐसा नहीं होगा। अब वायकॉम 18 और स्टार इंडिया का विलय हो गया है और ये जियोहॉटस्टार बन गया है। जियोहॉटस्टार पर अब फैंस आईपीएल मैच का लुत्फ मुफ्त में नहीं उठा पाएंगे और इसके लिए उन्हें जेब ढीली करनी होगी।

जियो सिनेमा और डिज्नी+हॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के विलय के बाद शुक्रवार को नया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार लॉन्च किया गया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक फैंस अब बिना सब्सक्रिप्शन के आईपीएल मैच के केवल कुछ मिनट ही देख पाएंगे। मुफ्त मिनट समाप्त होने के बाद उन्हें सब्सक्रिप्शन पेज पर भेजा जाएगा। और इसके प्लान की शुरुआत 149 रुपये से होगी। जियो सिनेमा ने साल 2023 में आईपीएल लाइव स्ट्रीमिंग का अधिकार हासिल किया था और इसके लिए 3 बिलियन डॉलर की रकम अदा की थी।

इसके बाद जियो सिनेमा ने 2023 और 2024 में फैंस को फ्री में मैच दिखाया। लेकिन इस सीजन से फैंस को पूरा मैच देखने के लिए उनकी जिस तरह की जरूरत होगी उसके मुताबिक पैसे चुकाने होंगे। दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग आईपीएल की स्ट्रीमिंग की शर्तों को बदलने का निर्णय तब लिया गया जब मुकेश अंबानी की रिलायंस और वॉल्ड डिज्नी का विलय हो गया। एक सूत्र ने रिटेलर्स को बताया कि जब कोई उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म के प्रति लगाव विकसित कर लेता है, मुफ्त में देखना शुरू कर देता है। वफादार बन जाता है। तो सदस्यता शुरू हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक उपयोगकर्ता की सदस्यता अलग-अलग समय पर शुरू हो सकती है। यानी जरूरत के मुताबिक हर कोई पैक ले सकता है और फिर मैच का लुत्फ उठा सकता है।

## गुजरात और बेंगलुरु के बीच टक्कर के शुरु होगा वीमेंस प्रीमियर लीग का रोमांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 14 फरवरी, शुक्रवार से महिला प्रीमियर लीग 2025 के रोमांच की शुरुआत होगी। इस बार इस क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का तीसरा सीजन खेला जाएगा। बाकी दो सीजन की तरह इस बार भी कुल 5 टीमें एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर होंगी। महिला प्रीमियर लीग में पहले जैसे ही कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें 20 लीग मैच, 1 एलिमिनेटर और 1 फाइनल होगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। तो चलिए जानते हैं इस मुकाबले से जुड़ी पूरी डिटेल। गुजरात और आरसीबी के बीच मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले की शुरुआत शाम को साढ़े सात बजे से होगी। बता दें कि कोटंबी स्टेडियम में अब तक महिला टी20 मुकाबला नहीं खेला गया है। यहां सिर्फ तीन महिला वनडे खेले गए हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 278 रनों का रहा है। वहीं मैदान पर वनडे का हाई स्कोर 358/5 रनों का रहा। गुजरात जायंट्स और आरसीबी के बीच खेले जाने वाले मुकाबले को स्पोर्ट्स नेटवर्क 18 के जरिए भारत में टीवी पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मुकाबलों की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर होगी। गुजरात जायंट्स और आरसीबी के बीच अब तक कुल 4 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इन मैचों में दोनों




टीमें ने 2-2 मैच अपने नाम किए हैं।

### आरसीबी टीम

डैनी व्याट-हॉज, सब्बिनेनी मेघना, स्मृति मंधाना, आशा शोबाना, एलिसे पेरी, जॉर्जिया वेयरहैम, कनिका आहूजा, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन, ऋचा घोष, रेनुका सिंह, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, चार्ली डीन, प्रमिला रावत, वीजे जोशीता, राघवी बिस्ट, जाग्रवी पवार।

### गुजरात जायंट्स की टीम

भारती फुलमाली, लौरा वोल्वार्ड्ट, फोबे लिचफील्ड, प्रिया मिश्रा, एशले गार्डनर, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवेर, बेथ मूनी, शबनम शकील, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, काशवी गौतम, डींड्रा डॉटिन, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन , प्रकाशिका नाइक।

# एसटी, एससी, महिला और बुज़ुर्ग लोगों को हमारी ज़रूरत

## रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला संबंधित अपराधों को रोकने व उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल द्वारा एक दिवसीय सेमिनार में डी आई जी साकेत प्रकाश पांडे सहित कई पुलिस अधिकारी शामिल हुए। वहीं अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी, योजना अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान

डी आई जी साकेत प्रकाश पांडे ने कहा कि यदि हम संवेदनशील बन जाए तो इस तरह के सेमिनार की आवश्यकता नहीं होगी। इसकी शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपने घर की महिलाओं का सम्मान करना और समाज में उनके स्तर को अपने स्तर के बराबर रखना ही उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एस टी, एस सी, महिला और बुजुर्ग लोगों को हमारी ज़रूरत है और उन्हें भी न्याय और सम्मान का समान अधिकार है। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य समाज में अनुसूचित जाति जनजाति और महिला अत्याचार निवारण अधिनियम पर चर्चा करने सहित उसे सुलभ बनाने का है।

# तेज रफ्तार बाइक तालाब में गिरी, जीजा की मौत, साला गंभीर



## दोनों गांव लौट रहे थे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में शनिवार शाम तकरीबन 4 बजे तेज रफ्तार बाइक तालाब में जा गिरी। उस पर दो लोग सवार थे। हादसे में जीजा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साला गंभीर घायल है, दोनों घर लौट रहे थे। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव की है। थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि डिहिया निवासी अमरजीत सिंह बाइक से खम्हरिया गांव जा रहा था। बाइक पर पीछे कृष्ण पाल सिंह बैठा था। खम्हरिया गांव से डिहिया की ओर जाते समय मोड़ पर कृष्ण पाल सिंह ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी तालाब में जा गिरी। हादसे में जीजा अमरजीत सिंह की मौत हो गई जबकि कृष्ण पाल सिंह घायल है।

पुलिस ने मोबाइल चोरी के संदेह में पकड़ा था

# पति को छुड़ाने थाने के गेट पर लेटी महिला, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में चोरी और लूट के मोबाइल का लॉक तोड़ने के आरोप में पुलिस ने पूछताछ के लिए मोबाइल मैकेनिक को हिरासत में लिया। इस दौरान युवक की पत्नी परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने के सामने ही मेन गेट पर लेट गई। शनिवार सुबह मेन गेट पर लेटकर महिला पति को छोड़ने की मांग करने लगी।

जानकारी के अनुसार, पुलिस साइबर सेल के माध्यम से चोरी लूट के मोबाइल को बेचने वाले सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान चोरी का मोबाइल युवक ने ऑन कर दिया। जिसकी लोकेशन मिलते ही पुलिस ने युवक को ट्रेस किया और पकड़कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान एक संदेही ने पुलिस को बताया था कि उसने मोबाइल का लॉक एक मैकेनिक से खुलवाया है, जो शहर में ये काम करता है। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने संदेही मैकेनिक हरिओम साकेत को हिरासत में लिया।



इसके बाद युवक की पत्नी रेशू साकेत परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने के सामने ही मेन गेट पर लेट गई। रेशू ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उसके पति की गिरफ्तारी की सूचना उसे नहीं दी गई, जबकि परिवार को सूचना देनी चाहिए।

सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि, मैकेनिक ने अवैध रूप से चोरी और लूट के कई मोबाइलों का लॉक तोड़ा था। जिसकी वजह से उसे हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है,पुलिस रिमांड पर रखा गया है। अपराध को रोकने के लिए अपराधियों पर नकेल कसना जरूरी है।

# नायब तहसीलदार ने दिखाई मानवता, घायल वृद्धों को पहुंचाय अस्पताल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नायब तहसील गढ़ ने मानवता का परिचय देते हुए सड़क हादसे में घायल हुए दो वृद्धों को अपने वाहन से तत्काल अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई। हुआ यह था कि ग्राम बसौली निवासी गोमती साहू और रामधारी पिता कृष्णा पटेल (75) निवासी टिकरी 14 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे घर से खेत के लिए निकले थे। लेकिन इसके बाद वे श्रीयुत महाविद्यालय में लगे कुंभ शिविर में जा रहे थे। उसी समय बसौली नहर के पास एक कार ने साइकिल में सवार इन वृद्धों को टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

सड़क पर पड़े दोनों वृद्ध तड़प रहे थे लेकिन उनकी मदद के लिए तमाशबीन बनी भीड़ से कोई आगे नहीं आ रहा था। उसी समय नायब तहसीलदार गढ़ मनोज सिंह निकले। पहले तो उन्होंने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस के बिलंव के कारण दोनों घायलों को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों वृद्धों की हालत स्थिर है, अभी वे चिकित्सकीय निगरानी में रहेंगे। चिकित्सकों के अनुसार यदि नायब तहसीलदार इनको समय पर नहीं पहुंचाते तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वृद्धों की मृत्यु हो सकती थी। नायब तहसीलदार सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार जारी है, और उनके परिवार को सूचना दे दी गई है। नायब तहसीलदार की इस इंसानियत की सराहना की जा रही है।

# सामूहिक विवाह समारोह 332 जोड़ों ने लिए फेरे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जनपद सभागार सिरमौर के मांगलिक भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 332 जोड़ों ने एक साथ फेरे लिए और विवाह बंधन में बंध गए। इस दौरान पंचायतों से 322, नगरीय निकाय से तीन और बैकुंठपुर साथ पंजीयन हुए थे।

सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि जनार्दन मिश्रा सांसद रहे और अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत ने किया। विशिष्ट अतिथि में विधायक नारेंद्र प्रजापति रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और उपहार और नगद राशि के चेक भी प्रदान किए गए। इस मौके पर सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब कन्याओं के विवाह के लिए बड़ा सहारा है। इस दौरान 49 हजार रुपए की राशि महिला के खाते में भेजी जाती है। इसके साथ ही कपड़े, बर्तन सहित अन्य उपाहार भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सिरमौर सुदामा कोल, जिला पंचायत सदस्य सुंदरियां आदिवासी, जनपद अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियांन सुमन साकेत, जनपद उपाध्यक्ष मिश्रीलाल तिवारी, जनपद सदस्य अभिषेक त्रिपाठी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और सैकड़ों परिजन मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नवोदय विद्यालय सिरमौर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उप प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन भलीभांति करते हैं। स्काउट गाइड वास्तव में सच्ची सेवा भावना रखते हैं। मुख्य प्रशिक्षक ट्रेनर दिनेश यादव ने बच्चों को ध्वज शिष्टाचार से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को बताया। स्काउट मास्टर उज्जवल करकेट्टा ने स्काउटस को प्रतिज्ञा दिलाई तथा गाइड कैप्टन रश्मि पटेल ने गाइड्स को प्रतिज्ञा दिलाई।

प्रशिक्षण शिविर के संयोजक नरेंद्र यादव ने छात्रों को स्काउट गाइड नियमों का पालन करने पर बल दिया ताकि वह अच्छे नागरिक बन सकें। प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड को विभिन्न प्रकार की गांठें बनाना, प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रदान करना, टेंट पिचिंग, संकेत चिन्ह की जानकारी, सीटी के संकेत की जानकारी आदि भी सिखाया जाएगा। प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने छात्रों को स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में स्काउटिंग को मन, वचन और कर्म से अपनाने की सलाह दी। इस दौरान स्काउट गाइड ने विभिन्न खेल, गीत, नृत्य और एकांकी के माध्यम से मनोरंजन किया। इस दौरान टोलियों के कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया। जिसमें कमल टोली को प्रथम स्थान, बतख टोली को दूसरा स्थान तथा गुलाब टोली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्णेन्द्र मिश्रा, रंजन प्रधान, रिजवाना बानो, सुधीर यादव, संजय यादव, प्रभंजन मिश्रा, राजेश द्विवेदी, प्रतिभा कुमारी, ज्योति यादव, नीलम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाल अधिकारों को लेकर टीआरएस में विशेष व्याख्यान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग द्वारा बाल अधिकार विषय पर आईक्यूएसी की फ्लैगशिप चेतना के अन्तर्गत विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जीवेन्द्र सिंह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने कहा कि बाल अधिकार, हमारे समाज की नींव हैं। उन्होंने बताया कि बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए केवल कानूनी प्रावधान ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज में एक बदलाव की आवश्यकता है। समाज को बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें हर स्तर पर सुरक्षा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे बाल अधिकारों की रक्षा के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें और बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें। मुख्य वक्ता सिंह ने बालकों के प्रति समाज की जिम्मेदारी और कानूनों की अहमियत पर गहरी चर्चा की। उन्होंने बताया कि बच्चों को जीवन की प्रारंभिक अवस्था में ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के अधिकार मिलते हैं।

पत्नी अमेरिका में टीवी जर्नलिस्ट, बेटी फिजियोथेरेपिस्ट

# स्पेन के यात्री पैदल यात्रा करते पहुंचे रीवा, जा रहे प्रयागराज

## पुष्कर से शुरू की थी पदयात्रा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्पेन के बर्सिलोना शहर के रहने वाले 65 वर्षीय जेवियर पदयात्रा करते हुए प्रयागराज जाने के लिए आज रीवा पहुंचे। वे शुक्रवार को 65,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर रीवा पहुंचे। जो 10 सालों से लगातार पद यात्रा कर रहे हैं। यहां रीवा में पुलिस प्रशासन ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही उनके ठहरने और भोजन पानी की व्यवस्था की। जहां अब उनका अगला पड़ाव प्रयाग महाकुंभ है।

उन्होंने बताया कि मैंने 14 अक्टूबर 2015 से पुष्कर से कन्याकुमारी के लिए पदयात्रा शुरू की थी। मैं जानना चाहता हूं कि इस पूरी दुनिया में क्या चल रहा है। इस पर मैं किताब भी लिख रहा हूं। उन्होंने बताया कि यहां के गुरुनानक जी, बुद्ध, महावीर आदि ने किस तरह से सुख सुविधा वैभव को त्याग कर फकीरी वाला जीवन जिया और अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। मैं इसी चीज से प्रभावित हूं। इसके पहले मैं बिजनेसमैन हुआ करता था।

**थाने में बिताई कई रातें:** जेवियर ने बताया कि वे थाने में भी रुके और कई रातें भी बिताई। वे जहां रुकते वहां के लोग उन्हें भोजन करवा देते थे। उन्हें पैदल चलता देख लोग उन्हें आर्थिक सहयोग करने के लिए आगे आते हैं। प्राप्त सहयोग का उन्होंने उपयोग मात्र सफर तय करने के लिए किया। इनका कहना है कि यहां के संत महापुरुष फकीरी वाला जीवन कैसे जिए, उस बारे में जानने के लिए वे स्वयं भी उन्हीं के जैसे सड़कों पर पदयात्रा के लिए निकल पड़े हैं। उनकी पत्नी साउथ अमेरिका के चिली में टीवी जर्नलिस्ट है, उनके दो बच्चे हैं। एक बेटा पीएचडी कर रहा है तो एक बेटी फिजियोथेरेपिस्ट है।

# एमपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा आज, 12 केन्द्रों में होगी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की गयी है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कालेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों की निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केन्द्र में पेयजल, साफ-सफाई तथा बिजली की नियमित आपूर्ति की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं।

# पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 18 फरवरी को संभागीय पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर ने निर्देश दिये हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों को पेंशन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुतकर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों के संभागीय व जिला अधिकारियों द्वारा उनके विभागीय पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं होगे उन्हें जिम्मेदार मानकर कार्यवाही की जायेगी।

# जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जा रही है। परीक्षा आयोजन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07662-255143 है। यह कंट्रोल रूम 16 फरवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावशील रहेगा। कंट्रोल रूम में प्रफुल्ल मिश्रा डाटा इंट्री आपरेटर, दीपक गुप्ता कार्यालय सहायक, शिवपूजन सिंह डाटा इंट्री आपरेटर, लक्ष्मीनारायण श्रीवास्तव सहायक वर्ग दो, नरेन्द्र कुमार तिवारी सहायक वर्ग-2 तथा मनोज कुमार वर्मा भृत्य की ड्यूटी लगायी गयी है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना के तहत लगाये जा रहे हैं शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना के व्यापक प्रचार प्रसार तथा योजना में अधिक से अधिक लोगों को पंजीकृत करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उप संचालक मत्स्य डॉ. अंजना सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी तक शिविरों में ऋण सुविधा, जलीय कृषि बीमा और निष्पादन अनुदान के लाभ हेतु आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे। उन्होंने मछुआरों, मत्स्य पालकों, सूक्ष्म और लघु उद्यामों के हितग्राहियों से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

# घर बैठे मोबाइल से बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

# लोनी बांध के लिए मिले 5 करोड़ रुपए

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने मुख्यमंत्री निवास भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंटकर तीर्थराज प्रयाग जा रहे श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश के द्वार चाकघाट में मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई व्यवस्था की जानकारी दी। इसके साथ ही लोनी बांध के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 5 करोड़ की राशि अंतरित अंतरित कर दी गई है। इस राशि से लोनी बांध के नहरों के जीर्णोद्धार से त्योंथर में बड़े रकबे में व्यवस्थित ढंग से पानी पहुंचने से किसानों के उन्नति के दरवाजे खुलेंगे। इसके लिए विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।